आज का विचार
अगर आप किसी स्थिति को बदल नहीं सकते तो खुद ही बदल जाओ, सोचने का नजरिया ही बदल दो।

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का




सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़ । वीरवार, 7 नवंबर, 2024 वर्ष 22, अंक 272, मूल्यः 3 रुपए RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 www.citydarpan.com

## प्रदेश सरकार जमीन से वंचित योग्य 2 लाख प्रार्थियों को जल्द देगी 100–100 गज के प्लाट: नायब सिंह

### चुनावी वायदे के अनुसार प्रदेश की महिला को जल्द मिलेगी 2100-2100 रुपए की सौगातः अधिकारी अब एस्टीमेट की बजाए तय सीमा में विकास कार्य पूरे करने पर रखेंगे फोकस

अनिल गोयल
लाडवा (सिटी दर्पण)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही प्रथम चरण में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत रिहायशी भूमि से वंचित 2 लाख योग्य प्रार्थियों को जल्द ही 100-100 गज के प्लाट की सौगात देगी। इसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा योजना को अमलीजामा पहनाने के आदेश अधिकारियों को जारी कर दिए गए है। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार के पास 5 लाख लोगों ने प्लाट के लिए आवेदन किया था। इन सभी योग्य लाभार्थियों को अलग-अलग चरणों में 100-100 गज के प्लाट देने का काम करेगी। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार ने अपने चुनावी वायदे को पूरा करने के लिए महिलाओं को 2100 रुपए की राशि जारी करने के लिए अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के आदेश दिए है और शीघ्र ही बड़े कार्यक्रम में प्रदेश की महिलाओं को यह सौगात दी जाएगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को लाडवा विधानसभा के गांव उमरी, मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी में धन्यवादी दौरे को लेकर आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्राम पंचायत उमरी, मथाना, दबखेडा, वडैचपुर और छलौंदी की सभी मांगों को पूरा करते हुए गांव मथाना, दबखेडा, वडैचपुर, छलौंदी व गांव ध्यांग्ला को 21-21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। इस धन्यवादी दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने गांव दबखेडा में बड़े सामुदायिक केन्द्र की सौगात देने के साथ-साथ बीसी चौपाल के नवीनीकरण की भी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों को हाथ जोडकर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाडवा विधानसभा के साथ-साथ प्रदेश में तेज गति के साथ विकास कार्य किए जाएंगे और प्रदेश में सभी सडकों के नवीनीकरण और रिपेयर करने के आदेश अधिकारियों को जारी कर दिए गए है।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सख्त आदेश जारी कर दिए गए है कि प्रदेश में सभी विकास कार्यों को पूरा करने के लिए समय निर्धारित करे अगर निर्धारित समय अवधि के अंदर विकास कार्य पूरे नहीं होंगे तो सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इससे पहले अधिकारी विकास कार्यों का एस्टीमेट बनाने तक ही सीमित रह जाते थे। अब अधिकारी विकास कार्यों को पूरा करने के लिए पहले से ही पूरी योजना बनाएंगे। इस कार्य प्रणाली से प्रदेश में तेज गति के साथ विकास कार्य पूरे किए जाएंगे। इस प्रदेश में अब दिन रात डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छोटी और बड़ी परियोजनाओं को पूरा करने का काम करेगी। इस मौके पर उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, प्रदेश संगठन सचिव राहुल राणा, हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, जिप उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, पूर्व जिप अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, नवाब सिंह संधू, नायब सिंह पटाख माजरा, सैनी समाज के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, मेघराज, शेर सिंह, सरपंच मीना देवी, सरपंच प्रतिनिधि बसंत लाल, हरमेश सैनी, गुरनाम सिंह मंगौली, भाजपा नेता डा. गणेश दत्त, पूर्व जिप अध्यक्षा परमजीत कौर कश्यप, सरपंच जसविन्द्र कौर स्वर्ण सिंह, नरेन्द्र सिंह, सरपंच सतीश कुमार, अरुण सैनी, जसविंदर कश्यप आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।





### तीसरी बार सरकार बनने पर तीन गुणा ताकत से होगा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों ने तीसरी बार सरकार बनाकर जो विश्वास और जिम्मेवारी सौंपी है उस विश्वास को बरकरार रखा जाएगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार तीन गुणा ताकत से प्रदेश का विकास करेगी। इस सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति को आयुष्मान, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदना, किसानों को समय पर मुआवजा देना और रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का काम किया है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार बनते ही मरीजों को फ्री डायलिसिस की सुविधा दी है।

### पंजाब सरकार ने नहीं खरीदी किसानों की फसल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनावों के दौरान भी हरियाणा प्रदेश में किसानों की फसल की एक-एक दाना खरीदा गया और किसी भी मंडी में कोई दिक्कत नहीं आने दी, जबकि पंजाब में कोई चुनाव नहीं थे फिर भी पंजाब सरकार ने किसानों की फसल नहीं खरीदी और ना ही फसलों का निर्धारित मूल्य देने का काम किया। भाजपा सरकार ने चुनावों से पहले ही किसानों की फसल खरीदने के लिए व्यवस्था तय कर ली थी।

### चुनावी वायदे को पूरा करते हुए शपथ लेने से पहले एक कलम से दी 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले सरकारी नौकरियां बिकती थी, लेकिन भाजपा सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची बिना पर्ची सरकारी नौकरियां देने का काम किया। इस सरकार ने अपनी चुनावी वायदे को पूरा करते हुए शपथ लेने से पहले एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए एक कलम से 25 हजार युवाओं को घर बैठे बिना सिफारिश के सरकारी नौकरियां देने का काम किया। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि चुनावों के दौरान कई प्रत्याशियों ने पहले से ही अपने चेहेतों को सरकारी नौकरियों देने का आश्वासन दे दिया था। लेकिन प्रदेश की जनता ने विपक्षी दलों आइना दिखाने का काम किया और सभी पार्टियों को वेंटिलेटर पर भेज दिया। कई विपक्षी दलों को अभी तक सुध नहीं आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तो विस चुनाव से पहले युवाओं को नौकरियां ना मिले, इसके लिए चुनाव आयोग के पास चली गई थी और आचार संहिता के चलते नौकरियों पर रोक लगानी पड़ी। इससे कांग्रेस का युवाओं के प्रति दोहरी नीति का चेहरा भी साफ हो गया है।

### कांग्रेस ने गरीबों का निवाला छीनने का किया काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने गरीब व्यक्ति का निवाला छीनने का काम किया, जबकि भाजपा सरकार ने गरीबों को उनका हक घर जाकर देने का काम किया। इस हरियाणा प्रदेश में गरीबों ने ही तीसरी बार सरकार बनाने का काम किया है। इसलिए इस सरकार में गरीब नागरिकों को रत्ती भर भी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इस सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 14 शहरों में 15 हजार 430 लोगों को 30-30 गज के प्लाट देने के लिए ऑफर लेटर दिए है और बड़े गांवों में 10 हजार लोगों को 50-50 गज के प्लाट देने की योजना को अमलीजामा पहनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण वर्ष 2029 में भी भाजपा सरकार बनाएंगी और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो जाएगा। इस सरकार ने 1 लाख 80 हजार रुपए से कम आय वाले परिवारों को 500 रुपए में सिलेंडर देने के वायदे को भी पूरा किया है।

### जोधपुर वाया सालासर, लाडवा-ज्योतिसर बस सेवा को दी हरी झंडी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा बस स्टैंड से लाडवा से जोधपुर वाया सालासर और विद्यार्थियों के लिए लाडवा से ज्योतिसर बस सेवा को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि अब लाडवा बस स्टैंड से रोजाना निर्धारित रूट पर चलेगी और हजारों लोगों को इन बस सेवाओं का फायदा मिलेगा। इस शहर से नागरिकों को हर रूट की बस सेवा का फायदा मिलेगा। इसके लिए हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की तरफ से तमाम व्यवस्थाएं की जाएंगी।

## अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत

### डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस चुनावों में आसानी से दी मात

एजेंसी
वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को आसानी से हरा दिया। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप (78) ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। उन्होंने विस्कोन्सिन जैसी महत्वपूर्ण सीट पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पराजित किया। इस जीत में ट्रंप को विस्कोन्सिन में 10 निर्वाचक मंडल वोट मिले हैं। वह 2016 में मुश्किल से ही विस्कोन्सिन में जीते थे और रोनाल्ड रीगन के बाद इस राज्य पर कब्जा करने वाले वह पहले रिपब्लिकन बन गए थे। वह 2020 में डेमोक्रेट जो बाइडन से यहां चुनाव हार गए थे। हैरिस और ट्रंप दोनों ने ही विस्कोन्सिन को अपने प्रचार अभियान के केंद्र में रखा।

एसोसिएटेड प्रेस द्वारा शाम चार बजे तक उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 277 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने 224 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए हैं। ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए इस जीत को अमेरिका में स्वर्णिम युग की वापसी बताया। ट्रंप ने कहा, यह अमेरिका के लिए वाकई स्वर्णिम युग होगा। यह शानदार जीत है जो हमें अमेरिका को फिर से महान बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा आंदोलन था जैसा पहले कभी किसी ने नहीं देखा था, और सच कहूं तो, मेरा मानना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक आंदोलन है। इस देश में और शायद इससे परे भी ऐसा कुछ कभी नहीं हुआ है, और अब यह एक नए स्तर पर पहुंचने जा रहा है क्योंकि हम अपने देश को उबरने में मदद करेंगे।

उन्होंने कहा, हम अपनी सीमाओं को दुरुस्त करने जा रहे हैं, हम अपने देश के बारे में सब कुछ ठीक करने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मैं अमेरिका का 45वां राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अब 47वां राष्ट्रपति चुने जाने के अत्यधिक सम्मान के लिए अमेरिकी जनता का शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा, मैं प्रत्येक नागरिक के लिए, आपके परिवार और आपके भविष्य के लिए लड़ूंगा। हर एक दिन, मैं आपके लिए लड़ूंगा। और अपने शरीर की हर सांस के साथ, मैं तब तक आराम नहीं करूंगा जब तक कि हम मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध अमेरिका नहीं बना लेते, जिसके हमारे बच्चे और आप हकदार हैं। यह वास्तव में अमेरिका का स्वर्णिम युग होगा। ट्रंप की इस जीत को 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद एक शानदार वापसी माना जा रहा है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में वह जो बाइडन से हार गए थे जिसे उनके राजनीतिक कॅरियर का अंत कहा जा रहा था। तब ट्रंप ने चुनाव परिणाम को चुनौती दी थी और यहां तक कि अपने समर्थकों को परोक्ष रूप से कहा था कि वे अमेरिकी संसद परिसर की ओर कूच करें।



### खरगे, राहुल ने ट्रंप को अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के लिए बधाई दी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। खरगे ने कहा कि हम वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। राहुल गांधी ने राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार रहीं कमला हैरिस को भी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दूसरी बार देश के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की जिसे अमेरिकी इतिहास में किसी नेता की सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी कहा जा रहा है। ट्रंप ने कड़े चुनावी मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को पराजित किया। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से हम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी चुनावी जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक मजबूत व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, साझा हितों और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर आधारित है।

### मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आान किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। आपके अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं के क्रम में, मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नए सिरे से आगे बढ़ाने की आशा करता हूं। उन्होंने कहा, आइए एक साथ मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए काम करें। मोदी ने इस पोस्ट के साथ ट्रंप से मुलाकात की कुछ पुरानी तस्वीरें भी साझा की। ऐसी एक तस्वीर में वह ट्रंप के साथ गले मिलते तो दूसरे में दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर ठहाके लगाते दिख रहे हैं। मेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को दूसरा कार्यकाल मिल गया। उन्होंने कड़े मुकाबले में अपनी डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को पीछे छोड़ा। इसके साथ ही वह अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। विस्कोन्सिन में जीत के साथ ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के लिए जरूरी 270 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए। विभिन्न राज्यों से लगातार जीत के स्पष्ट संकेत मिलने के बीच 78 वर्षीय रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच पर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए जीत की घोषणा की और कहा कि यह अमेरिका का स्वर्णिम युग है। पिछले महीने ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें सबसे अच्छा इंसान बताया था और कहा कि वह उनके दोस्त हैं। ट्रंप ने फ्लैगरेंट पॉडकास्ट के दौरान एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, मोदी, भारत। वह मेरे दोस्त हैं और एक बेहतरीन इंसान हैं। उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले भारत काफी अस्थिर था। वो बाहर से ऐसे दिखते हैं जैसे आपके पिता हों। वो सबसे अच्छे इंसान हैं और साथ ही एक बेहद सशक्त नेता हैं। अपने संवाद में ट्रंप ने 2019 में टेक्सास के ूस्टन में आयोजित हाउडी मोदी कार्यक्रम को भी याद किया। इस कार्यक्रम में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने भारी संख्या में हिस्सा लिया था। ट्रंप ने कहा, वहां मैं और मोदी थे और वो कार्यक्रम शानदार था। लगभग 80,000 लोग वहां थे और वह नजारा अद्भुत था। हाउडी मोदी कार्यक्रम का आयोजन साल 2020 में ट्रंप के भारत दौरे के पहले हुआ था जहां उनका नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम में स्वागत किया गया था। इस कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए थे, जो अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा देश के बाहर आयोजित सबसे बड़ी रैली मानी जाती है। ट्रंप और मोदी की 2017 में वाशिंगटन में भी मुलाकात हुई थी।

## पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम : मोदी

एजेंसी
नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पीएम-विद्यालक्ष्मी को केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से मंजूरी दिए जाने को शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम करार दिया। उन्होंने कहा कि यह युवा शक्ति को सशक्त बनाने व राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए एक बड़ा कदम। मंत्रिमंडल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर युवाओं का समर्थन करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है। यह युवा शक्ति को सशक्त बनाने और हमारे राष्ट्र के लिए एक उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय क्षेत्र की एक नयी योजना पीएम-विद्यालक्ष्मी को मंजूरी दी। इस नयी योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वित्तीय बाधाएं किसी को भी उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोकें। पीएम-विद्यालक्ष्मी राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से निकली एक और महत्वपूर्ण पहल है, जिसने यह सिफारिश की थी कि सार्वजनिक और निजी, दोनों प्रकार के उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में विभिन्न उपायों के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए।



मोदी ने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी के लिए 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी डालने को मंजूरी दिए जाने पर कहा कि इससे इसकी क्षमता बढ़ेगी और यह किसानों के लिए बेहतर समर्थन भी सुनिश्चित करेगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने एफसीआई में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी के लिए 10,700 करोड़ रुपये की इक्विटी डालने को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों के मुताबिक, इस निर्णय का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना और देशभर के किसानों का कल्याण सुनिश्चित करना है।

### लुधियाना में सरपंचों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे भगवंत मान और केजरीवाल

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों का शपथ ग्रहण समारोह आठ नवंबर को आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। समारोह की अध्यक्षता पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान करेंगे, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी शामिल होंगे। ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद, राजस्व मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने उपायुक्त जितेंद्र जोरवाल और पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल के साथ मिलकर राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। इस समारोह में नवनिर्वाचित सरपंच शपथ लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि समारोह के अलावा मान और केजरीवाल जनसभा को संबोधित करेंगे। पंचायत चुनाव पिछले महीने हुए थे।



## राहुल गांधी की संविधान की लाल प्रति को लेकर भाजपा और कांग्रेस में वाकयुद्ध

एजेंसी
मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में लाल रंग की संविधान की प्रति सियासी विवाद का विषय बन गई है, जो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अकसर अपने साथ लेकर चलते हैं। भाजपा ने इस मामले पर बुधवार को गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि वह क्या संदेश देना चाहते हैं जबकि कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में लाल रंग शुभ माना जाता है। गांधी ने 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के सिलसिले में बुधवार को कांग्रेस-राकांपा (एसपी)-शिवसेना (यूबीटी) के विपक्षी गठबंधन के लिए प्रचार किया। वह नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन में लाल कवर वाली संविधान की एक प्रति लेकर गए थे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने सांगली जिले में चुनावी रैली के दौरान सवाल किया, भारत के संविधान की लाल प्रति दिखाकर राहुल गांधी क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने कांग्रेस नेता पर अराजकतावादियों का गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या साम्यवादी विचारधारा से जोड़ा जाता है। फडनवीस को जवाब देते हुए, कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि भाजपा नागपुर में अपने गढ़ के पास गांधी के कार्यक्रम से घबरा गई है। उन्होंने कहा, फडणवीस घबराहट में राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगा रहे हैं। हिंदू धर्म में लाल रंग को शुभ माना जाता है, फिर भी भाजपा को यह अशुद्ध लगता है। संविधान का विरोध करने वालों को यह तय करने का कोई अधिकार नहीं है कि संविधान की प्रति लाल, पीली या काली होनी चाहिए। क्या भाजपा और फडणवीस संविधान बचाने की तुलना शहरी नक्सलवाद से करते हैं?



## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर भारत ने पाकिस्तान की आलोचना की

एजेंसी
संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा। सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है।

उन्होंने कहा, एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है। पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा, मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से एक अक्टूबर तक विधानसभा चुनाव हुए।



शुक्ला ने कहा, किसी भी तरह का दुष्प्रचार और गलत सूचना जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगी। मैं इस प्रतिनिधिमंडल से उसके विभाजनकारी, राजनीतिक एजेंडे के लिए इसका इस्तेमाल करने के बजाय इस मंच में अधिक रचनात्मक रूप से शामिल होने का आग्रह करता हूं। कांग्रेस नेता, संयुक्त राष्ट्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए गए भारत के 12 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। शुक्ला ने कहा कि 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत का पालन करने वाला भारत इस बात पर जोर देता है कि सूचना को राष्ट्रीयता, लिंग, धर्म या संस्कृति की बाधाओं से परे होना चाहिए। उन्होंने कहा, एक जागरूक नागरिक गलत सूचना से निपटने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और सरकारों को जवाबदेह ठहराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

सांसद ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप भारत मानवता की सामूहिक प्रगति के लिए विश्वसनीय सूचना के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने में विश्वास रखता है। शुक्ला ने रेखांकित किया कि गलत सूचना और भ्रामक सूचना गंभीर जोखिम पैदा करती है, सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास घटाती है और समुदायों को विभाजित करती है। ंयुक्त राष्ट्र शांति सेना के संबंध में शुक्ला ने कहा कि भारत, तैनाती वाले क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा, हम इस महत्वपूर्ण मुद्दे के महत्व को रेखांकित करते हैं तथा वैश्विक संचार विभाग (डीजीसी) से आग्रह करते हैं कि वह क्षेत्रीय मिशन के साथ मिलकर काम करे तथा इसके समाधान के लिए अपनी संचार रणनीतियों को उसी अनुसार तैयार करे। उन्होंने कहा कि शांति सेना संबंधी वेबसाइटों को स्थानीय भाषाओं में जारी रखना, इस सूचना की पहुंच को और व्यापक बनाने के लिए एक उपयोगी कदम होगा।

# वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा शिक्षा विभाग को अनएडेड स्टाफ फ्रंट की जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश

## कर्मचारी यूनियनों के साथ बैठकों के दौरान उनकी चिंताओं को हल करने का दिया भरोसा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी एवं कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने बुधवार को शिक्षा विभाग को अनएडेड स्टाफ फ्रंट (सहायता प्राप्त स्कूलों) की जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए। यह निर्देश उन्होंने अपने कार्यालय में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के साथ कैबिनेट उप-समिति के चेयरमैन के रूप में की गई बैठकों के दौरान दिए। इसके बाद, दफ्तरी कर्मचारियों की यूनियन के साथ बैठक में, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने यूनियन के प्रतिनिधियों को बताया कि कैबिनेट उप-समिति ने अधिकारियों की समिति को 2018 और 2022 में शिक्षकों को नियमित करने की तरह स्कूल के दफ्तर कर्मचारियों को नियमित करने का मुद्दा विचार करने और एक महीने के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग को भी निर्देश दिए कि इन कर्मचारियों द्वारा उठाए गए वेतन विसंगति के मुद्दों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। इसी दौरान, पुनः बहाल किए गए अध्यापकों की यूनियन ने उनकी बहाली की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की मांग की। इसके जवाब में, कैबिनेट मंत्री चीमा ने शिक्षा विभाग को बर्खास्त शिक्षकों की सूची तैयार करके उनकी बर्खास्तगी के कारणों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिन अध्यापकों को अनुचित कारणों से बर्खास्त किया गया है, उनके मामलों पर सहानुभूति से विचार किया जाना चाहिए। इसके अलावा, 2364 ई.टी.टी चयनित अध्यापकों की यूनियन द्वारा पोस्टिंग के स्थान की चयन पाबंदी को हटाने की मांग पर यूनियन को बताया गया कि इसके संबंधी पोर्टल खोल दिया गया है। जॉइंट एक्शन कमेटी फार वेट्स फार पे-पैरिटी ने नई भर्ती के लिए केंद्रीय वेतनमान लागू करने के फैसले के बाद मेडिकल और डेंटल अधिकारियों की तुलना में वेटरनरी अधिकारियों के कम बेसिक पे स्केल पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के बराबर आवास किराया भत्ता दिए जाने की भी मांग की। वित्त मंत्री चीमा ने पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव को इन मुद्दों का समाधान निकालने और वित्तीय जटिलताओं का आकलन करने के लिए प्रमुख सचिव, वित्त के साथ जल्द से जल्द बैठक करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव को यह भी निर्देश दिया कि वे वेटरनरी ए.आई. वर्कर यूनियन के साथ बैठक करके उनकी जायज मांगों के समाधान के लिए प्रस्ताव पेश करें। ग्राम पंचायत जल आपूर्ति पंप ऑपरेटर संघ द्वारा उठाए गए मुद्दों के जवाब में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायतों को निर्देश दिए कि वे इन चिंताओं को दूर करने के लिए ब्लॉक स्तर पर समितियां बनाने पर विचार करें। उन्होंने विभाग को यह भी निर्देश दिए कि इन कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु आवश्यक योग्यताओं में आवश्यक बदलाव के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी कर्मचारियों को प्रशिक्षण का लाभ मिले। इन बैठकों में अनएडेड स्टाफ फ्रंट से प्रदेश प्रधान निर्भय सिंह, उप प्रधान सुखचैन सिंह, कैशियर भूपिंदर सिंह; दफ्तर कर्मचारी यूनियन से प्रदेश प्रधान कुलदीप सिंह, राजिंदर सिंह, जगमोहन सिंह, चमकौर सिंह; पुनः बहाल अस्थायी अध्यापक यूनियन से प्रधान विकास साहनी, उप प्रधान लखविंदर कौर, वरुण खेरा, गुरप्रीत सिंह, अमनदीप कौर; 2364 ई.टी.टी चयनित अध्यापक यूनियन से सदस्य भूपिंदर कौर; जॉइंट एक्शन कमेटी फार वेट्स फार पे-पैरिटी से संयोजक डॉ. गुरचरण सिंह, सह-संयोजक डॉ. पुनीत मल्होत्रा, डॉ. अब्दुल मजीद, डॉ. गुरदीप सिंह, डॉ. हरमंदीप सिंह, डॉ. साहिलदीप सिंह; वेटरनरी ए.आई. वर्कर यूनियन से प्रदेश अध्यक्ष सरबजीत सिंह, काला सिंह छाजला, रिशपाल तिथा ग्राम पंचायत जल आपूर्ति पंप ऑपरेटर संघ से प्रदेश महासचिव बोहड सिंह, मनजीत सिंह, मेहर सिंह, जगसीर सिंह उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### कैबिनेट मंत्री की ओर से नगर निगम को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

जालंधर। पंजाब के कैबिनेट मंत्री महिंदर भगत ने 7 नवंबर को मनाई जाने वाली छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बिस्त दोआब नहर बस्ती बावा खेल का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ नगर निगम आयुक्त गौतम जैन भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री ने साफ-सफाई की आवश्यकता पर बल देते हुए इस स्थान को छठ पूजा के लिए पूरी तरह उपयुक्त बनाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान तीर्थयात्रियों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना चाहिए क्योंकि गुरुवार शाम को धार्मिक अनुष्ठान करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों के यहां इकट्ठा होने की संभावना है। पर्व को पूरी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाए, इस उद्देश्य से स्थानीय धार्मिक संगठनों के साथ बैठक कर बहुमूल्य सुझाव भी लिए गए। कैबिनेट मंत्री ने नगर निगम को त्योहार के मद्देनजर साफ-सफाई समेत अन्य जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने छठ पूजा उत्सव के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भक्तों के लिए गरिमापूर्ण और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### भिखीविंड के पास बैंकों के नाले में 3 प्रवासियों के शव मिले

भिक्खीविंड खालरा। जिला तरनतारन के अंतर्गत आने वाले थाना भिखीविंड के अधीन गांव बांकन के नाले में 3 प्रवासियों के शव मिलने से इलाके में दहशत का माहौल है। संबंधित डीएसपी भिखीविंड प्रीतिंदर सिंह ने बताया कि ये शव बोरे में लपेटे हुए थे एक व्यक्ति की उम्र लगभग 58 से 60 वर्ष है, जबकि अन्य दो व्यक्ति 35/40 वर्ष के बीच हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी परिवार के सदस्य लापता हैं तो वे नजदीकी डीएसपी कार्यालय भिखीविंड और पुलिस स्टेशन भिखीविंड में संपर्क कर सकते हैं।

### शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर पुलिस की कार्रवाई: जालंधर में 57 चालान जारी

जालंधर। जालंधर पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रिकालीन अभियान चलाया। विशेष अभियान की निगरानी ए.सी.पी नॉर्थ जालंधर ने 03.11.2024 और 05.11.2024 को रात 8:00 बजे से 11:00 बजे तक पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 8 और डिवीजन नंबर 2, जालंधर के क्षेत्रों में की। यह अभियान पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 8 और डिवीजन नंबर 2 के एस.एच.ओ द्वारा पुलिस स्टेशन टीमों और ई.आर.एस टीमों के सहयोग से चलाया गया। अभियान का उद्देश्य वाहनों के अंदर और अहातों के बाहर शराब की बिक्री और खपत को रोकना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और इन प्रतिष्ठानों के आसपास के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखना था। अभियान के दौरान कुल 125 वाहनों की जाँच की गई। संदिग्ध मामलों में शराब के सेवन का पता लगाने के लिए ईआरएस टीम द्वारा ब्रीथ एनालाइजर का इस्तेमाल किया गया।

### खालसा कॉलेज गर्ल्स सीसे स्कूल में धार्मिक समारोह अयोजित किया

अमृतसर। खालसा कॉलेज गवर्निंग काउंसिल के तहत खालसा कॉलेज गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरु रामदास जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल पुनीत कौर नागपाल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर, स्टाफ और छात्रों ने श्री जपुजी साहिब जी का पाठ करके दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके बाद कथा विचार और दिव्य गुरबानी का कीर्तन किया गया। इस अवसर पर नागपाल ने छात्राओं को कड़ी मेहनत, लगन और ईमानदारी से पढ़ाई करके उज्ज्वल भविष्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गुरु साहिब द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि गुरु दिव्य गुणों से युक्त होता है। गुरु का वचन गुणों का सागर है और जीव उस सागर के प्रत्येक गुण को प्राप्त करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब जी ने कहा है कि गुरु और भक्त का रिश्ता ऐसा होता है कि बाकी रिश्ते निरर्थक अनुभव बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रामदास जी ने अपनी बानी में प्रभु की महिमा का गुणगान किया है। इस अवसर पर नागपाल ने भी अपने सम्बोधन में छात्राओं को धार्मिक क्षेत्र से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पंजाब में 25 नवंबर से शुरू होगी गन्ने की पेराई

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



- गन्ने की फसल के अधीन क्षेत्र में 5% की वृद्धि; 62 लाख क्विंटल चीनी के उत्पादन की उम्मीदः खुड्डियां
- पेराई शुरू होने से पहले आवश्यक प्रबंध पूरे करने के निर्देश

पंजाब सरकार ने राज्य में गन्ने की पीड़ाई 25 नवंबर, 2024 से शुरू करने की घोषणा की है। यह निर्णय पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में आयोजित पंजाब राज्य शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड की बैठक में लिया गया।

श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि इस साल पंजाब में गन्ने के फसल क्षेत्र में 5% की वृद्धि हुई है। पिछले साल के 95,000 हेक्टेयर की तुलना में इस साल एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ने की कशत की गई है। उन्होंने बताया कि पंजाब में 9 सहकारी और 6 निजी चीनी मिलों सहित कुल 15 चीनी मिलें हैं, जिनमें लगभग 700 लाख क्विंटल गन्ने की पीड़ाई की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस सीजन में राज्य में 62 लाख क्विंटल चीनी के उत्पादन का अनुमान है। कृषि मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ाई शुरू होने से पहले सभी प्रबंध पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उन्हें फसल का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

इस मौके पर कृषि और किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग वर्मा, पंजाब कृषि आयुक्त मिस नीलिमा, सचिव व्यय श्री वी.एन. जादे, एम.डी. शुगरफेड डॉ. सेनू दुग्गल, निदेशक कृषि श्री जसवंत सिंह, केन कमिश्नर पंजाब श्री दिलबाग सिंह, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र कपूरथला के निदेशक श्री गुलजार सिंह संघेड़ा और राज्य गन्ना नियंत्रण बोर्ड के सदस्य कमल ओसवाल, कुणाल यादव, शेर प्रताप चीमा और अन्य उपस्थित थे।

# समर्थन मूल्य से कम पर धान की खरीदकर किसानों का शोषण कर रही है भाजपा सरकार : सैलजा

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों से धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदने का वायदा किया था पर आज उस वायदे पर अमल करना तो दूर धान समर्थन मूल्य से कम पर खरीदकर भाजपा सरकार किसानों का आर्थिक शोषण कर रही है। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए जरूरी है कि उसकी फसलों को उचित भाव दिया जाए और खाद, बीज, सिंचाई पानी समय पर उपलब्ध करवाया जाए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा देश का प्रमुख धान उत्पादक राज्य है। हरियाणा की अर्थव्यवस्था में धान का बड़ा महत्व है। खरीफ सीजन में हरियाणा में होने वाली कुल बुवाई का लगभग आधा (49 फीसदी) हिस्सा धान का होता है। बाकी आधे में कपास, बाजरा, ग्वार जैसी खरीफ की अन्य फसलें हैं। धान में भी लगभग 56 फीसदी यानी आधे से अधिक क्षेत्र हरियाणा में बासमती धान की किस्मों का होता है। गैर-बासमती किस्मों की खरीद सरकारी एजेंसियों द्वारा एमएसपी पर हो जाती है जबकि बासमती धान को अधिकतर निर्यात या घरेलू मांग के लिए प्राइवेट व्यापारी खरीदते हैं। उन्होंने कहा कि एक सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वायदा किया था कि आठ अक्टूबर से धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा, फसल का एक एक दाना खरीदा जाएगा। पर आठ अक्टूबर से लेकर आज तक धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से नहीं खरीदा जा रहा है। मंडियों में 2100 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल ही भाव मिल रहा है और उसमें भी मनमानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से सामान्य धान का मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान का भाव 2320 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया था। कम मूल्य पर धान बेचने से किसान को आर्थिक नुकसान हो रहा है। एक एकड़ धान की खेती में कम से कम 21000-22000 तक का खर्च आता है।

# लालकुर्ती में गुंडागर्दी करने की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज गंभीर, पड़ाव थाने के एसएचओ को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

सिटी दर्पण
अंबाला



हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। लालकुर्ती से आए व्यक्ति ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज को अपनी शिकायत देते हुए बताया कि वह उसने पूर्व में एक व्यक्ति ने 1.80 लाख रुपए कर्ज लिया था जिसमें से वह 1.50 लाख रुपए वापस भी कर चुका है। उसका आरोप था कि गत दिनों उसके आवास पर रात्रि व्यक्ति आया और पैसे मांगने लगा। उसने शेष 30 हजार की राशि जल्द देने की बात कही, मगर व्यक्ति उसके साथ गाली-ग्लोच करने लगा तथा उसने मारपीट भी की। उसका आरोप था कि व्यक्ति ने उसे जान से मारने की धमकी भी की। व्यक्ति का आरोप था कि आरोपी गुंडा प्रवृति का है। मंत्री अनिल विज ने मामले को लेकर तुरंत एसएचओ पड़ाव को मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डिफेंस कालोनी से आए व्यक्ति ने आरोप लगाया कि उससे एक व्यक्ति ने 20 हजार रुपए उधार मांगे थे, मगर इसके बाद यह राशि वापस नहीं थी। उसे पैसों की जरूरत थी, मगर कई बार कहने के बावजूद व्यक्ति ने उसे 20 हजार रुपए की राशि अब तक वापस नहीं की। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने पंजोखरा थाना एसएचओ को इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

गांव पंजोखरा साहिब से आए किसान ने जमीनी विवाद में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी। उसका आरोप था कि कोर्ट के आदेशों के बावजूद उसे उसके हिस्से की जमीन नहीं मिल रही है जबकि पुलिस को शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मंत्री अनिल विज ने मामले में पंजोखरा एसएचओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। गांव उगाड़ा से आए किसान खेत में ट्यूबवेल कनेक्शन लगाने, कच्चा बाजार निवासी बुजुर्ग महिला ने मीटर चैक कराने एवं अन्य शिकायतें आई जिसपर मंत्री अनिल विज ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

# कॉमर्शियल संस्थान भूजल निकासी के लिए आवश्यक मंजूरी लेना सुनिश्चित बनाए: अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर

सिटी दर्पण
जालंधर



अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) श्री जसबीर सिंह की अध्यक्षता में आज जिला प्रशासकीय परिसर में जल नियंत्रण एवं विकास पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला जालंधर में लगातार गिर रहे भूजल को लेकर "पंजाब भू-जल निकास एवं संभाल निर्देश 2023" पर चर्चा की गई। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे अपने विभाग के तहत जमीनी पानी का उपयोग करने वाले वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को ₹पंजाब जल नियंत्रण और विकास प्राधिकरण₹ (पीडब्ल्यूआरडीए, पंजाब) से भूजल निकासी के लिए आवश्यक मंजूरी प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर, शहरी विकास श्री जसबीर सिंह जी, भूजल के व्यावसायिक उपयोग के लिए, पानी के व्यावसायिक परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले निजी पानी के टैंकरों (500 लीटर से अधिक की क्षमता वाले) के मालिकों और भूजल की निकासी के लिए बोर के मालिक संचालित ड्रिलिंग रिग मशीनों के मालिकों से अपील की कि वह ₹पंजाब जल नियंत्रण और विकास प्राधिकरण₹ द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करे और निर्धारित समय सीमा के अनुसार आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करे ताकि अनावश्यक जुमार्ने और गैर-अनुपालन शुल्क से बचा जा सके यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ₹पंजाब भूजल जल निकासी और संरक्षण निर्देश 2023₹ 1 फरवरी 2023 से लागू हो गया है और जिन भूजल उपयोगकताओं को नीति के अनुसार छूट नहीं दी गई है, उन पर भूजल निकासी के लिए खर्च/शुल्क 1 फरवरी 2023 से लागू होंगे।

इस संबंध में अनुमति प्राप्त करने के लिए पंजाब जल नियंत्रण एवं विकास प्राधिकरण पंजाब की ऑनलाइन साइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए, पंजाब जल नियंत्रण और विकास प्राधिकरण के मुख्य दफ्तर एससीओ से 149-152, तीसरी मंजिल, सेक्टर 17-सी चंडीगढ़ पर संपर्क किया जा सकता है। इस नीति के तहत पीने और घरेलू उपयोग, कृषि, धार्मिक स्थलों, सरकारी जल आपूर्ति योजनाओं के लिए उपयोग किए जाने वाले पानी को अनुमति लेने से छूट दी गई है। इसके अलावा, जिन उपयोगकताओं की भूजल खपत प्रति माह 300 घन मीटर से कम है, उन्हें भी छूट दी गई है।

बैठक में श्री दविंदर सिंह कार्यकारी इंजीनियर बिस्त दोआब नहर और भूजल डिवीजन, जालंधर बतौर सदस्य सचिव के अलावा जिला विकास और पंचायत अधिकारी, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निकासी और खनन विभाग, जिला जल और मृदा संरक्षण विभाग, नगर निगम, नगर परिषद एवं पंचायती राज पदाधिकारी शामिल थे।

# डी.ए.पी खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी पर प्रशासन की सख्त नजर

सिटी दर्पण
जालंधर



डी.ए.पी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में खाद विक्रेताओं की लगातार जांच की जाए ताकि कोई भी उर्वरक विक्रेता डी.ए.पी. खाद का भंडारण न कर सकें और किसानों को खाद के लिए कोई दिक्कत न हो

डा. अग्रवाल ने जिले के खाद विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वे किसी भी प्रकार के खाद की फालतू स्टोरेज न करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा डी.ए.पी. खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखी जा रही है और अगर कोई ऐसा करता पाया गया तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा कि किसानों को डी.ए.पी. के विकल्प के तौर पर 20:20:0:13 ,एन.पी.के. 12:32:16, 15:15:15, 16:16:16 और सुपर फॉस्फेट (सिंगल), ट्रिपल फॉस्फेट आदि के उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि बैठकों/सेमिनारों/ कैप/सोशल मीडिया आदि के माध्यम से किसानों को डी.ए.पी. के विकल्पों के बारे में जागरूक किया जाए ताकि वे वैकल्पिक स्त्रोतों का उपयोग करके समय पर फसल लगा सकें।

उधर, जिले के प्रगतिशील किसानों ने डी.ए.पी. विकल्पों का उपयोग कर फसल की बिजाई कर रहे है। इसी गांव वरियाणा के प्रगतिशील किसान हैप्पी ने कहा कि वह डी.ए.पी. के बजाय एन.पी.के 15:15:15 का प्रयोग कर आलू की बिजाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि वह डीएपी की बजाय पहले भी एनपीके प्रयोग कर चुके है जिसका परिणाम बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने अन्य किसानों को भी डीएपी पर अपनी निर्भरता कम करने की अपील की।

## पंजाब पुलिस पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए वचनबद्ध

# पुलिस ने सीमा पार तस्करी गिरोह का किया पदार्फाश; 1 किलो आइस, 1 किलो हेरोइन सहित तीन काबू

सिटी दर्पण
चंडीगढ़/अमृतसर



गैंगस्टर-नारको गठजोड़ को बड़ा झटका देते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले एक रैकेट का पदार्फाश किया है और उनके कब्जे से 1 किलो आइस (मेथामफेटामाइन) और 1 किलो हेरोइन बरामद की गई है।

यह जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक (डी.जी.पी.) गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के पिंड भकना कलां निवासी करनदीप सिंह (22), जीवन सिंह (19) और मनजिंदर सिंह (21), जो दोनों तरनतारन के चोहला साहिब के निवासी हैं, के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उनकी टोयोटा एटिओस कार, जिसमें वे सफर कर रहे थे, भी जब्त कर ली है।

डी.जी.पी. गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि गिरफ्तार आरोपी करन दीप छह साल बाद पंजाब लौटने से पहले दुबई और रूस के शहर मास्को में रह रहा था।

उन्होंने कहा कि पंजाब लौटने के बाद, आरोपी करनदीप ने विभिन्न सोशल मीडिया ऐप्स का इस्तेमाल कर-के पाकिस्तान स्थित नशा तस्करों के साथ संपर्क कायम किया और अमृतसर और उसके आसपास के इलाकों में नशीले पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान आधारित तस्कर विभिन्न क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की खेप पहुंचाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करते थे।

डी.जी.पी. ने यह भी कहा कि जांच में यह भी पाया गया कि आरोपी करनदीप विदेशी गैंगस्टर गुरदेव उर्फ जैसल के संपर्क में था। इस संबंध में अमृतसर के एयरपोर्ट थाने में एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत एफ.आई.आर. दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है।

यह उल्लेखनीय है कि गुरदेव जैसल कनाडा स्थित आतंकवादी लखबीर उर्फ लंडा और सतबीर सिंह उर्फ सत्ता का प्रमुख संचालक है, जो पुलिस स्टेशन सरहाली पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आर.पी.जी.) हमले और पंजाब में कई हत्या साजिशों में शामिल थे।

इस संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पुलिस कमिश्नर (सी.पी.) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि खुफिया सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए डी.सी.पी. इंवेस्टिगेशन हरप्रीत सिंह मंडेर की अगवाई में सी.आई.ए. स्टाफ-1 की पुलिस टीमों ने अमृतसर के अजनाला रोड पर पुली सूआ के पास नाका लगाकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके वाहन से नशीले पदार्थों की खेप बरामद की।

सी.पी. ने कहा कि आगे की जांच की जा रही है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियों और बरामदगियों की उम्मीद है। इस संबंध में एफ.आई.आर. नंबर 44 दिनांक 05.11.2024 के तहत थाने एयरपोर्ट, अमृतसर में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 21सी, 22सी और 23 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सब का
न्वोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापकः सतपॉल शर्मा
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित
सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।
स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्कः 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# डिपो होल्डर राशन का वितरण समय पर करें अन्यथा होगी कार्रवाई : राजेश नागर

## कहा ,एक परिवार से एक ही व्यक्ति को मिलेगा डिपो

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



हरियाणा के खाद्य ,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री श्री राजेश नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी डिपो होल्डर से राशन का वितरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। जानबूझकर देरी करने वाले डिपो होल्डरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी राशन डिपुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि गरीबों के राशन में गड़बड़ी कतई सहन नहीं की जाएगी। नागर आज यहां खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा भी उपस्थित थी।

हरियाणा के खाद्य ,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री ने विभाग की प्रथम बैठक लेते हुए सभी कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी चाहते हैं कि कोई भी गरीब पात्र व्यक्ति अपने हक से वंचित न रहे , हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री के उसी सपने को साकार करने में लगी हुई है।गरीबों को एएवाई तथा बीपीएल कार्ड के माध्यम से दिए जाने वाले राशन की समुचित मात्रा समय पर पहुँचाने के लिए उन्होंने जहां अधिकारियों से सहयोग करने का आह्वान किया वहीं गड़बड़ी करने वाले डिपो होल्डरों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राशन डिपुओं पर राशन एक तारीख से पहले पहुंच जाना चाहिए ताकि गरीब लोग समय पर अपने अनाज का प्रबंध कर सकें। उन्होंने सभी डिपुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि इन कैमरों से निगरानी जिला स्तर और मुख्यालय स्तर पर की जाएगी। इससे डिपो होल्डरों के कार्य में पारदर्शिता आएगी और गरीब व्यक्तियों के राशन में धांधली होने से भी बचा जा सकेगा। राजेश नागर ने राशन वितरण का ऑनलाइन डाटा अपडेट रखने के निर्देश देते हुए कहा कि जब भी डिपो पर राशन पहुंचता है तो इसकी सूचना उपभोक्ताओं तक मुनादी के माध्यम से करवाने के साथ -साथ व्हाट्सअप और टेक्स्ट-मैसेज के माध्यम से तुरंत पहुंचनी चाहिए। डिपुओं के लिए निर्धारित समय में डिपो को पूरा महीना या तब तक खोलकर रखना अनिवार्य होगा जब तक उसके क्षेत्र में शत -प्रतिशत राशन का वितरण न हो जाये। उन्होंने यह भी कहा कि एक परिवार के केवल एक व्यक्ति को ही राशन डिपो का लाइसेंस मिलना चाहिए , मिलीभगत से कई डिपुओं का लाइसेंस लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है।

# काम में कोताही न बरतें अधिकारी : विपुल गोयल

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



- कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने एफएमडीए अधिकारियों के साथ की बैठक
- विकास कार्य तय समय पर पूरे हों यही हमारी प्राथमिकता

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के अधिकारियों साथ बैठक करते हुए काम में कोताही न बरतने और तय समय में विकास कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और तय समय में काम पूरा न होने पर जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हमारा लक्ष्य तय समय में विकास कार्यों को पूरा कर फरीदाबाद को और आगे बढ़ाना है और आमजन को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं प्रदान करना है।

कैबिनेट मंत्री श्री गोयल ने बैठक में अधिकारियों को सड़कों से संबंधित विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि काम को पूरा करने के लिए दैनिक कार्यक्षमता को बढ़ाया जाए, ताकि फरीदाबाद निवासियों को आवागमन में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी संबंधित क्षेत्र का दौरा कर समस्याओं को जाने और उनका निदान करें। उन्होंने मल्टी लेवल पार्किंग से जुड़े विकास कार्यों की भी समीक्षा की।

उन्होंने सीवरेज और बारिश से होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए और बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी पानी निकासी की समस्या है, उसका जल्द और स्थायी समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने एसटीपी के पानी का सिंचाई के लिए ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की कार्ययोजना पर बल दिया ताकि पानी का सदुपयोग किया जा सके।

कैबिनेट मंत्री श्री गोयल ने कहा कि फरीदाबाद में आगे आने वाले समय में पीने के पानी की किल्लत न हो, उसके लिए अधिकारियों को अभी से ही योजना पर काम करने की जरूरत है। क्योंकि पानी की खपत दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।

उन्होंने अधिकारियों को पेयजल सप्लाई को एक समान और निर्बाध आपूर्ति करने के भी निर्देश दिए।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर लाडवा के छपरा और जोगी माजरा में मोबाइल मेडिकल युनिट ने दी स्वास्थ्य सेवाएं

अनिल गोयल
लाडवा (सिटी दर्पण)




सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूकता लाने के उद्धेश्य से मोबाइल मेडिकल युनिट चलाई जा रही है।इस योजना के अंतर्गत, आज लाडवा हल्के के गांव छपरा और जोगी माजरा में मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाऐ लोगों को उपलब्ध करवाई गई। सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि इन मोबाइल मेडिकल युनिटों के माध्यम से प्रत्येक गांव और शहर के प्रत्येक वार्ड़ में स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाई जा रही है।इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में एमबीबीएस डॉक्टर, लैब टेक्निशियन और स्टाफ नर्स द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके परामर्श और निःशुल्क दवाईयां वितरित की जाती है।इतना ही नही इन मोबाइल मेडिकल युनिटों में रक्त एवं युरिन के टेस्ट करने की भी सुविधा लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आज गांव छपरा और जोगी माजरा में मोबाइल मेडिकल युनिट के माध्यम से 113 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।इस दौरान इन दोनों गांवों में 29 लोगों के टेस्ट भी किये गये। उन्होंने मोबाइल मेडिकल युनिट के अगले शेडयूल के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 10 बजे से 2 बजे तक गांव कलाल माजरा के गुरूद्वारा साहिब के पास और दोपहर बाद 2 बजे से 4.30 बजे तक गांव रामनगर 112 में गोगा माड़ी के पास 7 नवम्बर को मोबाइल मेडिकल युनिट द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी जायेंगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### सुभाष चंद्र ने कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

करनाल। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र बुधवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज परिसर का दौरा किया। उनके साथ मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ महेंद्र कुमार भी साथ थे। सबसे पहले उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण किया और वार्ड में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मरीजों से वहां मिलने वाले इलाज, दवा और व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा। सुभाष चंद्र ने इसके बाद ओटी, पंजीकरण केंद्र, मेडिसिन विभाग, मेडिसिन वितरण केंद्र सहित विभागों के वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ जगह मिली गंदगी को देखकर उन्होंने साथ में चल रहे अधिकारियों को सफाई व्यवस्था में सुधार करने के दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मरीज को मिलने वाले इलाज में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इमरजेंसी वार्ड में आने वाले प्रत्येक मरीज को तत्काल इलाज दिया जाए। इलाज के अभाव में मरीज को कोई भी कठिनाई नहीं होनी चाहिए। इसका खास ख्याल रखें। सुभाष चन्द्र ने हाट सुप्रीम एजेंसी को निर्देश देते हुए कहा कि वे समय पर कॉलेज के कचरा उठान को सुनिश्चित करें। वाईस चेयरमैन ने कल्पना चावला के निदेशक से चर्चा के दौरान कहा कि वे समय-समय पर स्वच्छता के नोडल अधिकारी और सुपरवाइजर को साफ सफाई हेतु देखरेख के निर्देश दें। डायरेक्टर महेंद्र कुमार ने वाईस चेयरमैन से कहा कि मेडिकल कॉलेज में कचरे का समय पर उठान होता है। उन्होंने मरीजों और उनके साथ आए परिजनों से अपील करते हुए कहा कि यह अस्पताल आपका अपना है और इसकी साफ-सफाई की जिम्मेवारी हम सभी की है। इस दौरान कॉलेज के स्वच्छता नोडल अधिकारी डॉ दिलावर सिंह, सुरक्षा विभाग इंचार्ज सुमेर सैनी, कॉलेज के डायरेक्टर डॉ महेंद्र कुमार गर्ग सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हरियाणा पुलिस में डॉग स्क्वायड में शामिल किए गए 27 प्रशिक्षित डॉग

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए क्षमता निर्माण को लेकर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के निदेशानुसार डॉग स्क्वायड में तैनात डॉग की संख्या को 36 से बढ़ाकर 63 किया गया है। संख्या बढ़ाने के साथ ही डॉग्स को उच्च कोटि का प्रशिक्षण भी दिया गया है ताकि अपराध पर नियंत्रण किया जा सके एवं अपराधियों को पकड़ा जा सके। परिणामस्वरूप जनवरी 2024 से लेकर 31 अक्टूबर 2024 तक हरियाणा पुलिस के डॉग स्क्वायड की 24 मुकदम्रो को सुलझाने में मदद मिली है। प्रदेश में इस अवधि के दौरान डॉग स्कवायड की मदद से 24 किलो 450 ग्राम गांजा, 17.18 ग्राम हेरोइन, 42.45 ग्राम स्मैक, 10 किलो 572 ग्राम डोडा पोस्त तथा 62 ग्राम चरस की रिकवरी की गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस में वर्तमान में तीन तरह के डॉग्स को तैनात किया गया है। इन डॉग्स को इनकी खूबियों के मुताबिक अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है। पहले तरह के डॉग को ट्रैकर डॉग्स कहा जाता है जो चोरी, मर्डर इत्यादि के मामलों में अनुसंधान अधिकारी(आईओ) की मदद करते हैं। इस तरह के डॉग्स राज्य अपराध शाखा के पास है जोकि लैब्राडोर नस्ल के होते हैं। दूसरी प्रकार के डॉग एक्सप्लोसिव डॉग्स के नाम से जाने जाते हैं जो वीआईपी सुरक्षा तथा संदिग्ध स्थानों पर बम आदि की चेकिंग के लिए प्रयोग होते हैं। ये डॉग्स सीआईडी के पास होते हैं। इनमें भी लैब्राडोर नस्ल के डॉग्स प्रयोग किए जाते हैं। तीसरी प्रकार के डॉग नारकोटिक्स डॉग्स होते हैं। ये डॉग्स मादक पदार्थों को जमीन, मकान, बिल्डिंग, व्हीकल आदि से सूंघ कर उनके बारे में इशारा करते है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हरियाणा पुलिस के पास 63 डॉग्स है जिसमें से पांच डॉग्स हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में तथा 58 डॉग्स हरियाणा के सभी जिलों में तैनात है।



संपादकीय

# अमेरिका के नये राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भारत को होगा फायदा ही फायदा

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए हुए मतदान में रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को हरा कर जीत की पताका लहरायी है। वोटिंग के बाद मतगणना के दौरान जारी प्रोजेक्शन में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत के लिए जरूरी 270 वोटों का आंकड़ा पार कर लिया है। अमेरिकी चुनाव में स्विंग स्टेट ने अहम भूमिका अदा की, जिसमें तीन महत्वपूर्ण राज्यों में ट्रंप ने जीत हासिल करके मुकाबला अपने नाम किया अब उनका अमेरिका के राष्ट्रपति बनना तय है। इस प्रकार वे संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनेंगे। गौरतलब है कि जनसंख्या के आधार पर राज्यों को इलेक्टोरल कॉलेज के वोट दिए जाते हैं। कुल 538 इलेक्टोरल कॉलेज वोट के लिए मतदान होता है। 270 या उससे अधिक इलेक्टोरल वोट पाने वाले उम्मीदवार को चुनाव में विजेता घोषित किया जाता है। अमेरिका में 50 राज्य हैं और उनमें से अधिकतर राज्य हर चुनाव में एक ही पार्टी को वोट देते रहे हैं, सिवाय ह्यस्विंगह्न राज्यों के। इसमें कोई दो राय नहीं कि अमेरिकी चुनाव भारतीय अर्थव्यवस्था के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। ट्रंप के आने का सबसे ज्यादा फायदा भारत के उन उद्योगों को होने वाला है जो एक्सपोर्ट यानि निर्यात से जुड़े हैं। चाहें वह मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां हों जिनका माल बाहर जा रहा है या उस माल को बाहर भेजने वाली कोई थर्ड पार्टी का। जानकारों के अनुसार, ऑटोमोबाइल, मशीनरी, टेक्सटाइल और कैमिकल कुछ ऐसे सेक्टर्स में निर्यातकों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा ऐसा भी माना जा रहा है कि ट्रंप की नीतियां अमेरिकी कंपनियों को भारत में निवेश के लिए भी प्रोत्साहित कर सकती हैं और आने वाले समय में हमें यूएस व भारतीय कंपनियों के बीच और जॉइंट वेंचर्स देखने को मिल सकते हैं। हालांकि चीनी प्रोडक्ट पर हाई टैरिफ हैं। ये अमेरिकी मार्केट में ऑटो पार्ट्स, सौर उपकरण और रासायनिक उत्पादन जैसे क्षेत्रों में भारतीय निमार्ताओं की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ा सकते हैं। ट्रंप की जीवाश्म ईंधन नीतियों और चीनी की धीमी इकनॉमिक ग्रोथ के कारण ऊर्जा लागत कम हो सकती है। इससे एचपीसीएल, बीपीसीएल, आईओसी जैसी भारतीय तेल कंपनियों और आईजीएल और एमजीएल जैसी गैस वितरण कंपनियों के लिए फायदा हो सकता है। मैन्युफैक्चरिंग और डिफेंस सेक्टर में तेजी आ सकती है। अमेरिकी मैन्युफैक्चरिंग और सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने पर उनका ध्यान भारत डायनेमिक्स और एचएएल जैसी भारतीय रक्षा कंपनियों के लिए बेहतर हो सकता है। दुनिया के कई देशों में फैले तनाव को ट्रंप खत्म कर सकते हैं। ऐसे में सप्लाई चेन में सुधार होगा जिससे भारतीय व्यापार को मदद मिल सकती है। ट्रंप का जोर अमेरिका के औद्योगिक विकास पर होता है। ऐसे में दोनों देशों में काम करने वाली कंपनियों को लाभ हो सकता है। इनमें एबीबी, सीमेंस, कमिंस, हनीवेल, जीई टीएंडडी और हिताची एनर्जी शामिल हैं। ट्रंप के नेतृत्व में कारोबारी माहौल में सुधार हो सकता है। इससे संभावित रूप से कॉर्पोरेट टैक्स में कमी आ सकती है। वहीं व्यापार-अनुकूल नीतियों के माध्यम से भारतीय शेयर मार्केट में भी तेजी आ सकती है। गर हम शेयर मार्केट की बात करें तो भारत के शेयर बाजार और रुपये की कीमतों में बड़ा उलटफेर देखने को मिल सकता है। ट्रंप की जीत से भारतीय मिडकैप आईटी फर्मों के लिए मौके पैदा हो सकते हैं। यह भी सच है कि ट्रंप की सख्त ट्रेड पॉलिसीज से डॉलर मजबूत होगा और बॉन्ड की यील्ड पर रिटर्न बढ़ सकता है। इससे भारत जैसे उभरते बाजारों पर दबाव पड़ सकता है। विदेशी निवेशक अपना निवेश वापस अमेरिका की तरफ शिफ्ट करेंगे और इससे भारत में निवेश में कमी आ सकती है और रुपया कमजोर हो सकता है। कुछ विशेषज्ञ ट्रंप के राष्ट्रपति बने को भारत को होने वाले संभावित नुकसान में देखत हैं इनका कहना है कि इस से हमारे यहां पर महंगाई बढ़ सकती है। ब्याज दरों में तेजी और अमेरिकी चीजों की बढ़ी हुई लागत से भारतीय कारोबार पर असर पड़ सकता है। ट्रंप की आर्थिक नीतियों से अमेरिकी डॉलर मजबूत हो सकता है। टैक्स कटौती और राजकोषीय उपायों के माध्यम से बॉन्ड यील्ड बढ़ सकती है। इससे रुपये में गिरावट आएगी। डॉलर के मजबूत होने से भारत जिन चीजों का आयात करता है, उसके लिए ज्यादा कीमत चुकानी होगी, विशेष रूप से तेल के लिए। इससे भी घरेलू महंगाई बढ़ेगी। ट्रंप की जीत से भारतीय शेयर मार्केट में शुरू में बेशक तेजी आई हो, लेकिन लंबे समय तक यह तेजी रहेगी, इस पर संशय रहेगा। ट्रंप की नीतियां शेयर मार्केट में अस्थिरता पैदा कर सकती हैं। पिछले डेटा से पता चलता है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिकी बाजारों ने भारतीय बाजारों से बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान नैस्डैक को 77% की बढ़त मिली थी। वहीं निफ्टी मात्र 38% ही चढ़ पाया था। वीजा को लेकर भी भारतीयों के लिए परेशानी हो सकती है। ट्रंप ने पिछली बार एच-वन बी वीजा पर बैन लगा दिया था। इससे अमेरिका में मौजूद भारतीय आईटी कंपनियां बहुत ज्यादा प्रभावित हुई थीं। ट्रंप ने भारत की व्यापार नीतियों की आलोचना की है। ट्रंप प्रशासन भारत पर ट्रेड बैरियर को कम करने के लिए दबाव डाल सकता है। इससे आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्र प्रभावित होंगे। ट्रंप की जीत का आर्थिक रूप से भारत पर कुछ भी असर क्यों न पड़े मगर यह हिंदुओं के लिए एक शुभ संकेत हैं। इनके विचार सदैव हिंदुओं की रक्षा के हित में रहे हैं। इन की जीत से कनाडा, बंगलादेश, पाकिस्तान तथा दुनिया के अन्य हिस्सों में रहने वाले हिंदुओं का मनोबल बढ़ेगा।

## आज का राशिफल



**मेष:** दाम्पत्य जीवन का असन्तोष भी आप सम्वाद के बल पर दूर कर सकते हैं। नयी तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपको दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका सम्पर्क मजबूत होगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। पिता के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृषभ:** आज दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। इसके कारण आपको अपने खर्चों पर कटौती भी करनी पड़ेगी। घर और कार्यक्षेत्र आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। नये प्रेम सम्बन्धों को लेकर सावधान रहें। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**मिथुन:** आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है। नवविवाहित जोड़े परिवार आगे बढ़ाने के फैमिली प्लानिंग करने का विचार बना सकते हैं। परिवार में सभी लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय पूर्व ही निपटा लेंगे।

**कर्क:** आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक विचार आयेंगे। इसका प्रयोग आप नये स्टार्टअप के लिये भी कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों के व्यवहार से परेशानी होगी। अपने लक्ष्य के प्रति आप एकाग्र रहेंगे। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है।

**सिंह:** आप लोगों के बीच आपकी लोकप्रिय रहेंगे। आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। प्रेमी जोड़े आज विवाह के लिये परिजनों को मनाने में सफल रहेंगे। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है। प्रशासन से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या:** प्रेमी जन के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। ऑफिस में काम ज्यादा न होने के बाद भी आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**तुला:** आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बहुमूल्य वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेन्स से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है। लोन से जुड़े मामले उलझने की आशंका है। कब्ज के रोगियों को आज परेशानी होगी। बेवजह के मुद्दों पर आप घिर सकते हैं।

**धनु:** कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बितायेंगे। अनावश्यक खर्चों में नियन्त्रण पाने में सफल रहेंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दाम्पत्य जीवन बेहद सुखद रहेगा। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा मञ्च मिल सकता है।

**मकर:** समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है। पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं। शाम के समय आप दिखावे में धन खर्च करेंगे। विदेशी स्त्रोतों से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। आप अपने घर में किसी उत्सव का आयोजन कर सकते हैं। पैतृक कारोबार में आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपके द्वारा बनायी हुई योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की सम्भावना है।

**मीन:** नये कार्य की योजना बनाने के लिये दिन शुभ है। कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल सकती है। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा।

# देवोत्थान एकादशी से विवाह होंगे प्रारंभ, जानें नवंबर-दिसंबर में शादी के शुभ मुहूर्त कब



हिंदू धर्म में सभी 16 संस्कारों में विवाह एक प्रमुख संस्कार माना गया है। विवाह संस्कार के लिए शुभ मुहूर्त को बहुत ही खास महत्व दिया जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी पूजा, अनुष्ठान, विवाह, शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त का विचार अवश्य ही किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शुभ मुहूर्त में किया जाने वाला कार्य हमेशा सफल और मंगलकारी साबित होता है। इस समय विवाह के लिए कोई भी मुहूर्त नहीं है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए क्षीर सागर में योग निद्रा में चले जाते हैं और इन चार महीनों के लिए शुभ विवाह समेत कई तरह के मांगलिक कार्य वर्जित हो जाते हैं। भगवान विष्णु चार महीने की योग निद्रा के बाद देवउठनी एकादशी पर जागते हैं और फिर से विवाह-शादी जैसे मांगलिक कार्य आरंभ हो जाते हैं। इस साल देवउठनी एकादशी जिसे देवोत्थान एकादशी भी कहते हैं 12 नवंबर, मंगलवार को है। इस दिन तुलसी-शालीग्राम विवाह करने के साथ विवाह फिर से शुरू हो जाएंगे। आइए जानते हैं साल 2024 के बचे दो महीने नवंबर और दिसंबर में कब-कब है विवाह मुहूर्त की प्रमुख तिथियां।

### नवंबर 2024 में विवाह के शुभ मुहूर्त

| तारीख | तिथि और नक्षत्र | विवाह मुहूर्त |
|---|---|---|
| नवंबर 12 | द्वादशी और उत्तर भाद्रपद | सायं 04:04 से 07:10 तक |
| नवंबर 13 | त्रयोदशी और रेवती | दोपहर 03:26 से रात्रि 09:48 तक |
| नवंबर 16 | द्वितीया और रोहिणी | प्रातः 11:48 से अगले दिन 06:47 तक |
| नवंबर 17 | द्वितीया, तृतीया और रोहिणी, मृगशिरा | प्रातः 06:47 से अगले दिन प्रातः 06:4 तक |
| नवंबर 18 | तृतीया और मृगशिरा | प्रातः 06:48 से प्रातः 07:56 तक |
| नवंबर 22 | अष्टमी और मघा | रात्रि 11:44 से अगले दिन प्रातः 06:51 तक |
| नवंबर 23 | अष्टमी और मघा | प्रातः 06:51 से प्रातः 11:42 तक |
| नवंबर 25 | एकादशी और हस्त | रात्रि 01:01 से अगले दिन प्रातः 06:53 तक |
| नवंबर 26 | एकादशी और हस्त | प्रातः 06:53 से अगले दिन प्रातः 04:35 तक |
| नवंबर 28 | त्रयोदशी और स्वाती | प्रातः 07:36 से अगले दिन प्रातः 06:54 तक |
| नवंबर 29 | त्रयोदशी और स्वाती | प्रातः 06:54 से अगले दिन प्रातः 08:39 तक |

### दिसंबर 2024 में विवाह के शुभ मुहूर्त

| | | |
|---|---|---|
| दिसंबर 4 | चतुर्थी और उत्तराषाढ़ा | सायं 05:15 से अगले दिन रात्रि 01:02 तक |
| दिसंबर 5 | पंचमी और उत्तराषाढ़ा | दोपहर 12:49 से सायं 05:26 तक |
| दिसंबर 9 | नवमी और उत्तर भाद्रपद | दोपहर 02:56 से अगले दिन रात्रि 01:06 तक |
| दिसंबर 10 | दशमी, एकादशी और रेवती | रात्रि 10:03 से अगले दिन प्रातः 06:13 तक |
| दिसंबर 14 | चतुर्दशी और रोहिणी | प्रातः 07:04 से सायं 04:58 तक |
| दिसंबर 15 | पूर्णिमा और मृगशिरा | प्रातः 03:42 से अगले दिन प्रातः 07:04 तक |



# विवाह में हो रही है देरी, देवउठनी एकादशी पर जरूर करें ये उपाय

**देवउठनी एकादशी के दिन देव योग निद्रा से जागते हैं और फिर सभी शुभ काम शुरू हो जाते हैं। हिंदू धर्म में इसे देवोत्थान एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में आने वाली देवउठनी एकादशी देवी लक्ष्मी और श्रीहरि विष्णु को प्रसन्न करने का सबसे अच्छा दिन माना जाता है। उनके प्रभाव से बड़े से बड़े पाप भी क्षण भर में नष्ट हो जाते हैं।**



## देवउठनी एकादशी तिथि

वैदिक पंचांग के अनुसार, देवउठनी एकादशी का व्रत हर साल कार्तिक माह में आने वाली शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन रखा जाता है। इस साल कार्तिक माह में आने वाली शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का आरंभ 11 नवंबर को शाम 06:46 मिनट से हो रहा है, जिसका समापन अगले दिन 12 नवंबर को दोपहर बाद 04:04 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर 12 नवंबर 2024 को देवउठनी एकादशी का व्रत रखना शुभ रहेगा। खास बात ये है कि इस बार देवउठनी एकादशी के अगले दिन 13 नवंबर 2024 को तुलसी विवाह है। इस दिन कोई भी मांगलिक कार्य करना शुभ रहता है।

## व्रत के पारण का सही समय

देवउठनी एकादशी के व्रत का पारण 13 नवंबर 2024 को प्रातःकाल 06:42 मिनट से लेकर सुबह 08:51 मिनट के बीच करना शुभ रहेगा।

## देवउठनी एकादशी व्रत के नियम

- इस दिन निर्जला उपवास रखा जाता है।
- इस व्रत में भगवान विष्णु या अपने इष्ट देवताओं की उपासना की जाती है।
- इस दिन तामसिक आहार प्याज, लहसुन, मांस, मदिरा, बासी भोजन न लें।
- एकादशी पर यदि आप व्रत न भी करें तो भी आपको ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए।
- एकादशी के दिन भूलकर भी चावलों का सेवन न करें।

## शीघ्र विवाह के लिए करें ये उपाय

- अगर किसी लड़के या लड़की को विवाह में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है तो वह भी देवउठनी एकादशी के दिन इन उपाय से बाधाओं से बाहर निकल सकते हैं।
- इसी उद्देश्य से भगवान विष्णु की पूजा करते समय केसर, पीले चंदन या हल्दी से बने तिलक का प्रयोग करें। फिर पीले फूल चढ़ाएं। इससे शीघ्र विवाह के योग बनते हैं।
- अगर आप अपनी मनोकामना पूरी करना चाहते हैं तो देवउठनी एकादशी के दिन पीपल के पेड़ पर जल का दान अवश्य करें। पीपल के पेड़ में भगवान विष्णु का वास माना जाता है। जल चढ़ाने से आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी।
- इस दिन तुलसी विवाह कराना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से शादी में आ रही रुकावटें दूर होती हैं और जल्द ही विवाह का योग बनता है।
- तुलसी के पौधे में कच्चे दूध में गन्ने का रस मिलाकर अर्पित करना चाहिए।
- तुलसी के पौधे के सामने पांच देसी घी के दीपक जलाकर आरती करनी चाहिए।
- जिन लोगों की कन्याएं नहीं होतीं, वे इस दिन तुलसी का विवाह करके कन्यादान का पुण्य प्राप्त कर सकते हैं।

## देवउठनी एकादशी के अन्य उपाय

- एकादशी के दिन भगवान विष्णु को पहले शंख में गाय के दूध भरकर स्नान कराएं इसके बाद गंगाजल से स्नान कराएं। ऐसा करने से व्यक्ति की आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं।
- भगवान विष्णु की पूजा के दौरान ओम नमो भगवते वासुदेवाय नमः मंत्र का जाप करें। इससे जीवन में आ रही परेशानियां दूर होती हैं।
- भगवान विष्णु की पूजा में शुद्ध घी का दीया जरूर जलाएं और भोग में तुलसीदल रखकर अर्पित करें।

# पटना में आज राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार

## पटना जिलाधिकारी को सिन्हा के अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक इंतजाम करने का निर्देश

एजेंसी
पटना

'बिहार कोकिला' के नाम से प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को पटना में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। लंबे समय से मायलोमा (एक तरह का रक्त कैंसर) से जूझ रहीं सिन्हा का मंगलवार रात दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। वह 72 साल की थीं। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिन्हा ने बताया कि सिन्हा का पार्थिव शरीर बुधवार को दिल्ली से पटना लाया गया। उन्होंने कहा, सिन्हा के परिवार के सदस्यों की इच्छा के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे किया जाएगा। पहले, अधिकारियों ने कहा था कि सिन्हा का अंतिम संस्कार बुधवार शाम किया जा सकता है। सिन्हा का पार्थिव शरीर पटना में उनके राजेंद्र नगर स्थित आवास (कंकड़बाग के पास) में

**अपने निधन से ठीक एक दिन पहले छठ के लिए दुखवा मिटाईं छठी मइया गीत जारी किया था**

रखा गया है, जहां प्रशंसक और शुभचिंतक लोक गायिका के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। इससे पहले, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित सिन्हा का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किए जाने की घोषणा की थी। सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए नीतीश बुधवार दोपहर उनके आवास पर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित कई अन्य हस्तियों के भी लोक गायिका को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके आवास पर पहुंचने की संभावना है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, नीतीश ने



पटना के जिलाधिकारी को सिन्हा के अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक इंतजाम करने का निर्देश दिया है। बिहार की समृद्ध लोक परंपराओं को राज्य की सीमाओं से बाहर भी लोकप्रिय बनाने वाली शारदा सिन्हा के कुछ प्रमुख गीतों में 'छठी मैया आई ना दुआरिया', 'कार्तिक मास इजोरिया', 'द्वार छेकाई', 'पटना से', और 'कोयल बिन' शामिल थे। इसके अलावा, उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी कई गाने गए थे। इनमें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर-2' के 'तार बिजली' और 'हम आपके हैं कौन' के 'बाबुल' जैसे गाने शामिल हैं। एक प्रशिक्षित शास्त्रीय गायिका सिन्हा को उनके गीतों में शास्त्रीय और लोक संगीत के अद्भुत मिश्रण के लिए जाना जाता था। 'मिथिला की बेगम अख्तर' कहलाने वाली सिन्हा लगातार बिगड़ती सेहत के बावजूद छठ पर हर साल एक नया गीत जारी करती थीं। इस साल उन्होंने अपने निधन से ठीक एक दिन पहले छठ के लिए दुखवा मिटाईं छठी मइया गीत जारी किया था, जिससे कैंसर से उनकी कठिन लड़ाई का दर्द बयां होता है। सुपौल में जन्मी सिन्हा छठ पूजा और शादी जैसे अवसरों पर गाए जाने वाले लोकगीतों के कारण अपने गृह राज्य बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बेहद लोकप्रिय थीं। उन्होंने भोजपुरी, मगही और मैथिली भाषा में कई यादगार लोकगीत गाए थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में सिन्हा के निधन पर शोक जताया। उन्होंने लिखा, प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। अपनी सुरीली आवाज के कारण वह 'बिहार कोकिला' के नाम से भी जानी जाती थीं।

# इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को बर्खास्त किया, देश भर में हुए प्रदर्शन

एजेंसी
यरुशलम

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं।

नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है। नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा, युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया। युद्ध के शुरूआती दिनों में, इजराइल के नेतृत्व ने हमास के 7 अक्टूबर 2023 के हमले का जवाब देते हुए एक एकीकृत मोर्चा बनाया था। लेकिन जैसे-जैसे युद्ध लंबा खिंचता गया और लेबनान तक फैल गया, प्रमुख नीतिगत



मतभेद उभर कर सामने आ गए। नेतन्याहू ने हमास पर निरंतर सैन्य दबाव बनाए रखने का आह्वान किया, जबकि गैलेंट ने अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कहा कि सेना ने कम से कम एक अस्थायी कूटनीतिक समझौते के लिए आवश्यक परिस्थितियां पैदा कर दी हैं, जिससे आतंकवादी समूह (हमास) द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सकता है। बंधकों के परिवार, साथ ही सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल हुए हजारों लोग नेतन्याहू पर सत्ता पर पकड़ बनाए रखने के लिए समझौते को विफल करने का आरोप लगा रहे हैं। नेतन्याहू के कट्टर सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर वह हमास को रियायतें देते हैं तो वे सरकार गिरा देंगे, जिससे ऐसे वक्त में समय से पहले चुनाव होने की आशंका बढ़ गई है जब प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) की लोकप्रियता कम हो गई है। विपक्षी नेता येर लैपिड ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, युद्ध के बीच में, गैलेंट को बर्खास्त करना पागलपन वाला कृत्य है। नेतन्याहू अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इजराइल की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बंधकों के परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक मंच ने कहा कि गैलेंट की बर्खास्तगी हृहृबंधकों से जुड़े समझौते को विफल करने के प्रयासों का जारी रहना है।हृहृ इसने नये रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज से युद्ध को समाप्त करने और बंधकों को घर वापस लाने के लिए एक समझौते पर पहुंचने के वास्ते हृहृस्पष्ट वादाहृहृ करने का आग्रह किया। कुछ ही घंटों में, हजारों प्रदर्शनकारी मध्य तेल अवीव में एकत्र हो गए और शहर के मुख्य राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। भीड़ में शामिल लोग सीटी और ढोल बजाते हुए, सड़क के बीच में एक अलाव के चारों ओर एकत्र हुए। वहीं, लगभग 1,000 अन्य लोगों ने यरुशलम में नेतन्याहू के घर के बाहर प्रदर्शन किया।

## पेड़ों की कटाई और प्रतिमा हटाने को लेकर अनावश्यक विवाद पैदा किया जा रहा है: हिमंत

एजेंसी
गुवाहाटी

असम के इस शहर में एक फ्लाईओवर बनाने के लिए सालों पुराने पेड़ों को काटने को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया है कि कुछ लोगों ने सरकार के विकास कार्यों पर निशाना साधने के लिए 'अनावश्यक विवाद' पैदा किया है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने हाल में दिघालीपुखुरी से नूनमती तक 852.68 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे चार लेन के पांच किलोमीटर से अधिक लंबे फ्लाईओवर के निर्माण के लिए करीब 2500 साल पुराने पेड़ों की कटाई पर असम सरकार को मंगलवार को नोटिस जारी किए। असम का यह सबसे लंबा फ्लाईओवर होगा जिसकी लंबाई 5.05 किलोमीटर होगी। शर्मा ने मंगलवार को आधी रात के आसपास निर्माण स्थल का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा, 'पिछले छह महीने से मैं देख रहा हूं कि एक विशेष तबका फ्लाईओवर और



दिघालीपुखुरी के पेड़ों को लेकर अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहा है।' उन्होंने कहा कि दूसरा विवाद असम साहित्य के पुरोधा साहित्यकार लक्ष्मीनाथ बेजबरुआ की प्रतिमा को स्थानांतरित करने की अटकलों से संबंधित है। उन्होंने दावा किया कि फ्लाईओवर प्रतिमा के ऊपर से गुजरेगा और वह वहीं रहेगी जहां अभी है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, 'मुझे लगता है कि उन कुछ लोगों ने ये दो विवाद पैदा किए जो सरकार के विकास कार्यों पर निशाना साध रहे हैं। कुछ लोगों ने अनावश्यक विवाद पैदा किया कि दिघालीपुखुरी के पेड़ों को काटा जाएगा, जबकि यह बात तथ्यों पर आधारित नहीं है। हमने इस बारे में गुवाहाटी उच्च न्यायालय को सूचित कर दिया है।'

## बीटीआर में हाथियों की मौत जहर से नहीं हुई: अधिकारी

भोपाल। मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ अभयारण्य में जिन दस हाथियों की हाल में मौत हो गई थी उनमें 'न्यूरोटॉक्सिन साइक्लोपियाजोनिक एसिड' पाया गया, लेकिन यह हाथियों को 'जहर' देने का मामला नहीं है। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार द्वारा गठित जांच दल का नेतृत्व कर रहे अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एल कृष्णमूर्ति ने बताया कि हाथियों के विसरा रिपोर्ट से पता चला है कि कोदो के पौधों का बड़ी मात्रा में सेवन करने से उनके (हाथियों) शरीर में विषाक्तता उत्पन्न हुई। उमरिया जिले के बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य में 29 अक्टूबर को चार हाथी मृत पाए गए थे। बाद में हाथियों की संख्या बढ़कर 10 हो गई थी। कृष्णमूर्ति ने बताया कि हाथियों की विसरा रिपोर्ट मंगलवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), बरेली से प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि इसमें नाइट्रेट-नाइट्राइट, भारी धातुओं के साथ-साथ ऑर्गेनोफॉस्फेट, ऑर्गनोक्लोरीन, पाइरेथ्रोइड और कार्बामेट समूह के कीटनाशकों का कोई अंश नहीं मिला।

## बीएसआई वैज्ञानिकों ने अरुणाचल में ऑर्किड की नई प्रजाति की खोज की

एजेंसी
ईटानगर

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (बीएसआई) के वैज्ञानिकों की टीम ने अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले में ऑर्किड की एक नई प्रजाति खोजी है। सूत्रों ने बताया कि गैस्ट्रोडिया लोहितेंसिस नामक पत्ती रहित इस ऑर्किड की खोज कृष्णा चौलू और बीएसआई की टीम ने यहां की। उन्होंने बताया कि यह दुर्लभ ऑर्किड सूर्य के रोशनी के बिना भी पनपता है तथा पोषक तत्वों के लिए पत्तियों में उपस्थित कवकों पर निर्भर रहता है। लोहित जिले के मुख्यालय तेजू के पास केवल बांस की झुरमुट में पाया जाने वाला गैस्ट्रोडिया लोहितेंसिस में 'लीनियर कैली' और उभरे हुए निचले होंठ जैसी अनूठी विशेषताएं हैं, जो इसे दक्षिण-पूर्व एशिया में पाई जाने वाली समान प्रजातियों से अलग करती हैं। सूत्रों ने बताया कि इसका नाम पाये गए स्थल लोहित जिले के पर रखा गया है। यह ऑर्किड भारत



की अविश्वसनीय जैव विविधता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस नई खोज पर खुशी जताई है। खांडू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'गैस्ट्रोडिया (ऑर्किडेसी) समूह की एक नई माइकोट्रॉफिक प्रजाति, गैस्ट्रोडिया लोहितेंसिस, अरुणाचल प्रदेश की खूबसूरत वादियों में खोजी गई है! यह उल्लेखनीय प्रजाति, अपने अनूठे सफेद फूलों और लेबेलम के साथ समानांतर रूप से व्यवस्थित आयताकार-लीनियर कैली की विशेषता लिये हुए है जिसे आईयूसीएन (प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ) रेड लिस्ट मानदंडों के अनुसार 'लुप्तप्राय' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।'

## नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत को दीर्घकालिक बिजली निर्यात का रास्ता साफ किया

काठमांडू। नेपाल के उच्चतम न्यायालय ने भारत के साथ बिजली के निर्यात के लिए हस्ताक्षरित समझौते को रद्द करने की मांग वाली एक रिट याचिका को खारिज कर दिया है। उच्चतम न्यायालय के मंगलवार को दिए गए फैसले के बाद नई दिल्ली के साथ नेपाल के दीर्घकालिक बिजली व्यापार का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकार के दुरुपयोग की जांच के लिए आयोग (सीआईएए) के पूर्व प्रमुख सूर्य नाथ उपाध्याय द्वारा दायर रिट याचिका उस समझौते के खिलाफ थी जिसके तहत नेपाल अगले 10 वर्षों के लिए भारत को 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात करेगा। उच्चतम न्यायालय के प्रवक्ता अच्युत कुइकेल के अनुसार, मुख्य न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह राउत, न्यायमूर्ति सपना मल्ला और न्यायमूर्ति महेश शर्मा पौडेल की पीठ ने इसे खारिज कर दिया। अपनी याचिका में उपाध्याय ने समझौते को रद्द करने तथा इसके क्रियान्वयन को तत्काल स्थगित करने की मांग की।

## जीडीपी वृद्धि पर आंकड़े मिले-जुले, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक से अधिक : दास

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि पर आने वाले आंकड़े मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक कारक नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं। दास ने 'बिजनेस स्टैंडर्ड' के वार्षिक बीएफएसआई कार्यक्रम में कहा कि अंतर्निहित आर्थिक गतिविधियां कुल मिलाकर मजबूत बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, 'जो आंकड़े आ रहे हैं, वे मिले-जुले हैं, लेकिन सकारात्मक पहलू नकारात्मक पहलुओं से अधिक हैं और कुल मिलाकर अंतर्निहित गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं।' गौरतलब है कि कई विश्लेषक वृद्धि के बारे में चिंता जता रहे हैं। ऐसा खासकर आधिकारिक आंकड़ों के आने के बाद हुआ, जब वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 15 तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) हालांकि 2024-25 के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के अपने अनुमान पर कायम है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि यह सात प्रतिशत से कम रहेगी।

## लाहौर में अत्याधिक वायु प्रदूषण से हजारों लोग बीमार पड़े

एजेंसी
लाहौर

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में अत्याधिक वायु प्रदूषण के कारण हजारों लोगों को अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। डॉक्टरों ने बुधवार को यह जानकारी दी।



वहीं अधिकारियों ने आगाह किया है कि अगर लोगों ने मास्क लगाने समेत अन्य निर्देशों का पालन नहीं किया तो पूर्ण लॉकडाउन लगाया जा सकता है। यह चेतावनी तब दी गई जब लोग बिना मास्क लगाए सड़कों पर घूमते नजर आए। डॉक्टरों ने कहा है कि ज्यादातर लोगों को खांसी तथा आंखों में जलन की शिकायत है। पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सलमान काजमी ने कहा, पिछले एक हफ्ते में श्वास संबंधी परेशानी से जूझ रहे हजारों लोगों का अस्पतालों और क्लीनिक में इलाज किया गया। उन्होंने कहा, 'आप लोगों को खांसते देख सकते हैं, लेकिन फिर भी वे मास्क नहीं लगाते हैं।' बुधवार सुबह लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रहा और वायु गुणवत्ता सूचकांक 1,100 के आंकड़े को पार कर गया। 300 से ज्यादा वायु गुणवत्ता सूचकांक सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। जहरीले 'स्मोग' ने पिछले महीने से शहर को अपनी चपेट में लिया हुआ है। पंजाब प्रांत की वरिष्ठ मंत्री मरयम औरंगजेब ने शहर में पूर्ण लॉकडाउन से बचने के लिए लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी है। शहर के अधिकारियों ने प्रदूषण पर काबू के लिए पहले ही कई कदमों की घोषणा की है।

## देहरादून के लेखक गांव में नालंदा की तर्ज पर बनेगा भव्य पुस्तकालय: निशंक

**देहरादून।** नालंदा की तर्ज पर देहरादून के थानों क्षेत्र में स्थित लेखक गांव में दस लाख पुस्तकों का एक भव्य पुस्तकालय बनाया जाएगा। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ऐसे विश्वविख्यात पुस्तकालय का सुझाव देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें एक भेंट के दौरान दिया। उन्होंने कहा, जब मैंने चंद्रचूड़ जी को बताया कि हम लेखक गांव में एक लाख पुस्तकों का पुस्तकालय बनाने जा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि एक लाख क्यों, नालंदा की तर्ज पर दस लाख पुस्तकों का पुस्तकालय होना चाहिए। हमने उनका सुझाव मानकर इस पुस्तकालय में दस लाख पुस्तकों को रखने का निर्णय लिया है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ से हाल में देहरादून में निशंक ने भेंट की थी। देहरादून से 24 किलोमीटर दूर सुरम्य हिमालयी क्षेत्र में 25 अक्टूबर को देश के अपनी तरह के पहले 'लेखक गांव' का लोकार्पण पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से किया था।

## स्कोडा ने पेश की अपनी पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी, कीमत 7.89 लाख रुपये से शुरू

एजेंसी
मुंबई

प्रीमियम वाहन विनिमार्ता स्कोडा ऑटो ने भारतीय बाजार में व्यापक पहुंच बनाने के इरादे से बुधवार को अपनी पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी



'काइलक' पेश की। इसकी शुरूआती कीमत 7.89 लाख रुपये रखी गई है। स्कोडा ऑटो के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्लॉस जेल्मर ने यहां एक कार्यक्रम में 'काइलक' को पेश किया। इस अवसर पर स्कोडा ऑटो इंडिया के प्रमुख पीयूष अरोड़ा भी मौजूद थे। स्कोडा ने अपने नए मॉडल को छह एयरबैग समेत 25 सुरक्षा फीचर और सनरूफ तथा वेंटिलेटेड सीट की खूबियों के साथ पेश किया है। इसके अलावा कंपनी ने इसके एक लीटर पेट्रोल में 20.32 किलोमीटर की दूरी तय करने का दावा भी किया। कंपनी ने भारतीय बाजार में कॉम्पैक्ट एसयूवी खंड में मौजूद तगड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए इसकी शुरूआती कीमत 7.89 लाख रुपये निर्धारित की है। हालांकि, यह प्रारंभिक कीमत सिर्फ कुछ सीमित संख्या वाले वाहनों के लिए ही होगी। संभावित खरीदार इसकी बुकिंग दो दिसंबर से करा सकेंगे और अगले साल 27 जनवरी से ग्राहकों को इसकी आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इस अवसर पर जेल्मर ने कहा कि स्कोडा 'काइलक' के जरिये भारत के उस बड़े बाजार पर अपनी पकड़ बनाना चाहती है जो अभी तक उसकी पहुंच में नहीं है। जेल्मर ने कहा, ' कंपनी अब भारतीय बाजार में नई रणनीति के तहत कदम बढ़ा रही है। हम नए तरह के ग्राहकों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हम इसके दम पर वर्ष 2026 तक सालाना एक लाख सालाना बिक्री का लक्ष्य हासिल कर लेंगे।'

## राहुल गांधी आंबेडकर की विचारधारा के खिलाफ हैं : महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष

एजेंसी
नागपुर

भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा के विरोधी हैं और संविधान की रक्षा का नाटक करते हैं। बावनकुले ने यह भी दावा किया कि कई शहरी नक्सली देश के खिलाफ लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि 20 नवंबर को होने वाले राज्य चुनावों से पहले बुधवार को नागपुर में होने वाला राहुल गांधी का संविधान सम्मान सम्मेलन बंद दरवाजे के पीछे होने वाला कार्यक्रम क्यों है। कांग्रेस ने इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि भाजपा गांधी के कार्यक्रम के बारे में झूठी कहानी फैला रही है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि गांधी शहरी नक्सलियों से घिरे हुए हैं। इस संबंध में



पूछे गए एक सवाल के जवाब में बावनकुले ने कहा, 165 से अधिक शहरी नक्सली संगठन लोगों और समाज में देश के खिलाफ गुस्सा पैदा कर रहे हैं और माहौल खराब कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, राहुल गांधी बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा के विरोधी हैं और संविधान की रक्षा का नाटक करते हैं। भाजपा नेता ने जानना चाहा कि गांधी नागपुर में बंद कमरे में कार्यक्रम क्यों करने जा रहे हैं और कार्यक्रम में मीडिया को अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। बावनकुले ने कहा, एक तरफ वे संविधान की रक्षा की बात करते हैं और दूसरी तरफ वे संविधान द्वारा मीडिया को दिए गए अधिकारों का दमन कर रहे हैं।

### चुहकीमार वन क्षेत्र में एक शावक सहित तीन मादा हाथियों की करंट लगने से हुई थी मौत

# करंट से हाथियों की मौत, उच्च न्यायालय ने ऊर्जा विभाग से कार्रवाई के बारे में पूछा

एजेंसी
बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राज्य में करंट लगने से हाथियों और अन्य वन्य जीवों की मौत की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए ऊर्जा विभाग से स्पष्टीकरण मांगा तथा पूछा है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की युगल पीठ ने राज्य के विभिन्न इलाकों में करंट लगने से हाथियों तथा अन्य वन्य जीवों की मौत की घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया है और जनहित याचिका के तौर पर मामले की सुनवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि अदालत ने रायगढ़ जिले में तीन हाथियों की मौत के बाद राज्य के ऊर्जा विभाग के



सचिव और विद्युत वितरण कंपनी, रायपुर के प्रबंध निदेशक से स्पष्टीकरण भी मांगा है। उच्च न्यायालय ने पूछा है कि वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए क्या आवश्यक सुधार किये गए हैं तथा इन मामलों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। मामले में अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीठ ने सोमवार को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए एक जनहित याचिका दर्ज करके सुनवाई की। वेबसाइट के अनुसार, विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों में कहा गया है कि विगत दिनों रायगढ़ वन मंडल के चुहकीमार वन क्षेत्र में एक शावक सहित तीन मादा हाथियों की करंट लगने से मौत हो गई। उच्च न्यायालय ने कहा कि जब ये तीन हाथी 11 केवी के बिजली के तार के संपर्क में आए तो उनकी मौत हो गई। ये तार जमीन से बमुश्किल तीन-चार मीटर ऊपर लटके थे। अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट नियम है कि कृषि क्षेत्र और जंगल से गुजरने वाले बिजली के तार जमीन से कम से कम 7.5 मीटर ऊंचाई पर होने चाहिए और बिजली के खुले तारों की जगह इंसुलेटेड केबल का उपयोग किया जाना चाहिए। इसी दौरान रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने अपने अधिवक्ता सूर्या कवलकर डांगी के माध्यम से एक आवेदन दाखिल कर बताया कि एक नवंबर 2024 को बिलासपुर वन मंडल के तखतपुर वन परिक्षेत्र में करंट लगने से हाथी के एक बच्चे की मौत हो गई। अदालत ने कहा कि वर्ष 2001 के बाद से अब तक राज्य में 78 हाथियों की मौत हो चुकी है। इससे पहले 10 अक्टूबर को कांकेर में करंट लगने से तीन भालुओं की भी मौत हो गई थी।

## संक्षिप्त-समाचार

### काबुल के राजनयिक से अनधिकृत मुलाकात पर मालदीव ने पाकिस्तान में पदस्थ अपने राजदूत को वापस बुलाया

**इस्लामाबाद।** मालदीव सरकार ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में पदस्थ अपने राजदूत को, मंजूरी लिए बिना अफगान तालिबान सरकार के राजनयिक से मुलाकात करने को लेकर देश वापस बुला लिया है। पाकिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि वह इस घटनाक्रम से अवगत हैं। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मालदीव ने मान्यता नहीं दी है। तालिबान ने अमेरिका और नाटो सेना के अफगानिस्तान से वापस चले जाने पर अगस्त 2021 में देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। तालिबान को सत्ता पर कब्जा करने के बाद अफगान लड़कियों और महिलाओं पर प्रतिबंध लगाने सहित मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए व्यापक रूप से अलग-थलग कर दिया गया है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने तीन नवंबर को एक बयान में कहा कि पाकिस्तान में मालदीव के उच्चायुक्त मोहम्मद थोहा और अफगानिस्तान के प्रभारी अहमद शाकिब के बीच हाल ही में हुई बैठक को 'मालदीव सरकार ने मंजूरी नहीं दी थी।' विस्तृत जानकारी दिए बिना बयान में कहा गया कि शनिवार को थोहा के खिलाफ उचित कार्रवाई की गई। इससे कुछ दिन पहले इस्लामाबाद स्थित अफगान दूतावास ने एक बयान में कहा था कि दोनों अधिकारियों ने अफगानिस्तान के माध्यम से मालदीव और मध्य एशियाई देशों के बीच सहयोग तथा व्यापार संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए मुलाकात की थी। इस्लामाबाद स्थित मालदीव के उच्चायोग ने अपनी वेबसाइट से थोहा की तस्वीर हटा ली है।

### ओडिशा में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो यात्रियों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी जिले में गोप के समीप मंगलवार रात एक कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोणार्क पुलिस ने बुधवार को बताया कि कार कोणार्क से भुवनेश्वर जा रही थी और वाहन चालक को नींद आ गई या उसके वाहन पर से नियंत्रण खो जाने के कारण कार आम के पेड़ से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि मृतक भुवनेश्वर और नियाली इलाके के थे। घायल वाहन चालक को पहले उपचार के लिए गोप अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में उसे भुवनेश्वर के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने बताया, 'हमने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।'

### इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को किया बर्खास्त

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश के लोकप्रिय रक्षा मंत्री योआव गैलेंट को बर्खास्त करने की मंगलवार को अचानक घोषणा कर दी। गाजा में जारी युद्ध के दौरान नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कई बार मतभेद उभरे हैं। हालांकि नेतन्याहू ने उन्हें बर्खास्त करने से परहेज किया। नेतन्याहू ने पिछले साल मार्च में जब गैलेंट को बर्खास्त करने का प्रयास किया था तो उनके इस कदम के खिलाफ देश में प्रर्दशन हुआ था। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अपने इस निर्णय की घोषणा मंगलवार देर रात की।

### वायुसेना का हेलीकॉप्टर आपात स्थिति में खेत में उतरा

**जयपुर।** भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर को बुधवार को मेड़ता के पास एक खेत में आपात स्थिति में उतरना पड़ा। इसमें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मेड़ता के पुलिस उपाधीक्षक रामकरण सिंह ने बताया कि वायुसेना के रूद्र हेलीकॉप्टर को बुधवार दोपहर जसनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक खेत में उतराना पड़ा। उन्होंने बताया कि वायुसेना के दो हेलीकॉप्टर जोधपुर से जयपुर जा रहे थे जिस दौरान एक हेलीकॉप्टर में तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण उसकी 'इमरजेंसी लैंडिंग' एक खाली खेत में करवाई गई। सिंह ने बताया कि वायु सेना के कर्मचारियों ने तकनीकी खामी दूर की और इसके बाद हेलीकॉप्टर यहां से रवाना हो गया।

### रूबिकॉन रिसर्च सहित चार कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** फार्मा कंपनी रूबिकॉन रिसर्च और टीपीजी कैपिटल समर्थित साई लाइफ साइंसेज समेत चार कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये सामूहिक रूप से कम से कम 3,000 करोड़ रुपये जुटाने को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिल गई है। सेबी द्वारा बुधवार को जारी 'अपडेट' के अनुसार, आईपीओ लाने की मंजूरी पाने वाली दो अन्य कंपनियां- सनातन टेक्सटाइल्स और वाहन कलपुर्जा विनिमार्ता मेटलमैन ऑटो हैं। इस बीच, सितंबर में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल करने वाली बीएमडब्ल्यू वेंचर्स ने 28 अक्टूबर को दस्तावेज वापस ले लिए। इसमें कहा गया है कि चार कंपनियों - रूबिकॉन रिसर्च, साई लाइफ साइंसेज, सनातन टेक्सटाइल्स और मेटलमैन ऑटो ने जुलाई और अगस्त के दौरान सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे। इन कंपनियों को 31 अक्टूबर को सेबी का 'निष्कर्ष' मिला। किसी भी कंपनी को आईपीओ लाने के लिए सेबी का निष्कर्ष जरूरी होता है। आरंभिक दस्तावेजों के अनुसार, रूबीकॉन रिसर्च के 1,085 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत 500 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक जनरल अटलांटिक सिंगापुर आरआर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 585 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। वर्तमान में, जनरल अटलांटिक के पास रूबिकॉन रिसर्च में 57 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। हैदराबाद स्थित साई लाइफ साइंसेज के प्रस्तावित आईपीओ में 800 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तक, निवेशक शेयरधारकों और अन्य शेयरधारकों द्वारा 6.15 करोड़ शेयरों का ओएफएस शामिल है। बयान में कहा गया है कि सनातन टेक्सटाइल्स का आईपीओ 500 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और प्रवर्तकों तथा प्रवर्तक समूह की इकाइयों द्वारा 300 करोड़ रुपये तक के ओएफएस का मिश्रण है। मेटलमैन ऑटो का प्रस्तावित आईपीओ 350 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और इसके प्रवर्तकों द्वारा 1.26 करोड़ शेयरों के ओएफएस का संयोजन है।

# प्रदेश में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल को किया जा रहा सुदृढ़: सुखविंदर सुक्खू

सिटी दर्पण
शिमला



हिमाचल प्रदेश भौगोलिक दृष्टि से देश के संवेदनशील राज्यों में शामिल हैं।इसके दृष्टिगत वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य में त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को प्रभावी बनाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। प्रदेश में सम्पूर्ण प्रतिक्रिया प्रबंधन को अतिरिक्त महानिदेशक होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के अधीन किया जाएगा।इससे किसी भी आपातकालीन और आपदा की स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने में मदद मिलेगी। इसके साथ आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करने के लिए होमगार्ड को दो वर्ष की अवधि के लिए एसडीआरएफ में प्रतिनियुक्त किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में बादल फटने और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती पुनरावृत्ति को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार एसडीआरएफ को प्राथमिकता के आधार पर मजबूत कर रही है। आपातकालीन स्थितियों में जानमाल की क्षति में कमी लाने के लिए इस प्रणाली को और अधिक संगठित और प्रभावी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश भूस्खलन, हिमस्खलन और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है और राज्य सरकार इन घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत कार्य कर रही है। मंडी, कुल्लू और शिमला जिला में बादल फटने की घटनाओं के बाद 1 अगस्त, 2024 को मुख्यमंत्री ने एक बैठक आयोजित कर वरिष्ठ अधिकारियों को आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने इस प्रकार की घटनाओं में अमूल्य जीवन बचाने और अन्य क्षति को कम करने के लिए एकीकृत तरीके से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जानमाल की भारी क्षति होती है और इससे लोगों की आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक पर्यटन पर निर्भर करती है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण पर्यटन क्षेत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और स्थानीय लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है। इन आपदाओं के कारण महत्वपूर्ण अधोसंरचना की क्षति होती है जिसे पुनः स्थापित करने में काफी समय लग जाता है और राज्य में विकास की गति भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि कृषि योग्य भूमि में बाढ़ और भूस्खलन के कारण कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों की आर्थिकी पर बुरा प्रभाव पड़ता है।इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार प्राकृतिक आपदा से उत्पन्न चुनौतियों को कम करने की दिशा में प्रभावी कदम उठा रही है। प्रदेश में पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने, भूकम्परोधी अधोसंरचना निर्मित करने और लोगों को जागरूक करने की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्राकृतिक आपदा प्रदेश के समक्ष नई चुनौतियां उत्पन्न करती है। इससे पर्यावरण की भी क्षति होती है और लोगों की रोजमर्रा की गतिविधियां बाधित होती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि बादल फटने और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के खतरों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए तीव्र, एकीकृत और सुदृढ़ प्रतिक्रिया प्रणली सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक कदम उठा रही है।

# नौणी विश्वविद्यालय में इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ

सिटी दर्पण
शिमला



डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में आज वार्षिक तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय युवा महोत्सव शुरू हुआ। छात्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चारों कॉलेज- बागवानी कॉलेज, वानिकी कॉलेज, बागवानी और वानिकी कॉलेज, नेरी और बागवानी और वानिकी कॉलेज थुनाग के करीब 250 छात्र भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह में उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने शैक्षणिक और पाठ्येतर विकास दोनों को बढ़ावा देकर समग्र शैक्षिक वातावरण प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रशंसा की।उन्होंने छात्रों के व्यक्तित्व को आकार देने और आवश्यक जीवन कौशल के निर्माण में ऐसी गतिविधियों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि युवा महोत्सव छात्रों के लिए अपनी प्रतिभा विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। वैश्विक संस्कृतियों को करीब लाने में सोशल मीडिया की भूमिका के बारे में भी बात की और युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और बढ़ावा देने के लिए इन प्लेटफार्मों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इससे पहले, बागवानी महाविद्यालय के डीन और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. मनीष शर्मा ने मुख्य अतिथि और प्रतिभागियों का स्वागत किया और उनसे पूरे महोत्सव के दौरान अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने और खेल भावना को बनाए रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर सभी कॉलेजों की टीमों ने मार्च पास्ट में भाग लिया जिसके बाद प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई। छात्र कल्याण डीन डॉ. केके रैना ने बताया कि यूथ फेस्टिवल में ललित कला, साहित्यिक, थिएटर, नृत्य और संगीत में व्यक्तिगत और समूह प्रतियोगिताएं शामिल हैं। पहले दिन, छात्रों ने स्पॉट पेंटिंग, कोलाज मेकिंग, पोस्टर डिजाइन और रंगोली जैसी ललित कला प्रतियोगिताओं में अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। साहित्यिक श्रेणी में प्रतिभागियों ने भाषण, वाद-विवाद और एक्सटेंपोर कार्यक्रमों में प्रतिस्पर्धा की।

अगले दो दिनों में, महोत्सव में थिएटर प्रदर्शन वन ऐक्ट प्ले, स्किट, माइम और मोनो अभिनय सहित लाइट वोकल, देशभक्ति गीत और समूह गीत जैसी श्रेणियों में संगीत प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। ग्रैंड फिनाले में समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता शामिल होगी। उत्सव के समग्र विजेता का निर्धारण विभिन्न आयोजनों में प्रत्येक कॉलेज द्वारा अर्जित अंकों के आधार पर किया जाएगा।

# मंत्री विक्रमादित्य सिंह के जनता दरबार में उमड़ी भीड़

सिटी दर्पण
शिमला



हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री के आयोजित जनता दरबार में आज होलीलॉज में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले इस दरबार में शिमला ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने विभिन्न मुद्दों को मंत्री के सामने रखा, जिनमें सड़क मरम्मत, जल आपूर्ति, बिजली कटौती और आवास से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं।लोगों ने जनता दरबार में पहुंचकर अपनी बारी का लंबा इंतजार किया और क्षेत्रीय विकास एवं सुधार की उम्मीदें लेकर मंत्री से मिलने आए।सड़कों की खराब स्थिति, पानी की नियमित आपूर्ति में कमी और लगातार बिजली कटौती से संबंधित शिकायतें आम रहीं।कई लोगों ने बताया कि गांवों में सड़कें जर्जर हो गई हैं, जिससे आवागमन में दिक्कत होती है।इसी प्रकार, पानी और बिजली की अनियमितता ने भी लोगों को परेशान कर रखा है। मंत्री ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और जनता को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिले। जनता दरबार के अंत में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनता की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस प्रकार, जनता दरबार में उपस्थित लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान का भरोसा मिला और वे संतोष के साथ लौटे।

# सिडनी में राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन को पठानियां ने किया सम्बोधित

सिटी दर्पण
शिमला



आस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में सिडनी अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन केन्द्र मे 3 से 8 नवम्बर तक आयोजित किए जा रहे 67वें राष्ट्रमण्डल संसदीय सम्मेलन को आज हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधान सभा उपाध्यक्ष विनय कुमार भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि इस सम्मेलन में देश दुनियां के सैंकड़ो जन प्रतिनिधि जिनमें अधिकतर सम्बन्धित राज्यों के पीठासीन व उप झ पीठासीन अधिकारी शामिल हैं भाग ले रहे हैं।कुलदीप पठानियां ने आज अपने जोशिले अन्दाज में पहले ही सत्र में चयनित विषय ह्ल बेंच मार्किंग, मानक और दिशा निर्देश सर्वोतम अभ्यास को अपनाने के माध्यम से संसद की संस्था के मजबूत करनेह्व विषय पर अपना सम्बोधन दिया तथा सत्र संचालक के साथ इस विषय पर परस्पर चर्चा भी की।

पठानियां ने कहा कि बैंच मार्किंग, मानकों और दिशा निदेर्शों के माध्यम से संसद की संस्था को मजबूत करने में सर्वोतम प्रथाओं को अपनाना शामिल है जो विधायी प्रभावशीलता, पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ाते हैं। हमारी संसदीय शासन प्रणाली में अध्यक्ष / सभापति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अध्यक्ष / सभापति के पास जबरदस्त शक्तियां होती हैं और साथ ही बड़ी जिम्मेदारियां भी निहित होती हैं। समकालीन राजनितिक परिदृश्य में भारतीय संसद की संस्था प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और पारदर्शिता के सिद्वान्तों को मूर्त रूप देते हुए लोकतान्त्रिक शासन की आधारशीला के रूप में खड़ी है। पठानियां ने कहा कि हालांकि इन महत्वपूर्ण भूमिकाओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए संसदों को लगातार विकसित होना चाहिए, सर्वोतम प्रथाओं को अपनाना चाहिए जो उनके घटकों की आवश्यकताओं के प्रति उनकी कार्यक्षमता और जवाबदेही को बढ़ाएं। बैंच मार्किंग मानक और दिशा निर्देश इस विकास में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं जो मुल्यांकन, सुधार और जवाबदेही के लिए रूपरेखा प्रदान करते हैं।

अपने सम्बोधन में पठानियां ने कहा कि जहाँ तक भारत और आस्ट्रेलिया की राजनीतिक संस्कृति का प्रश्न है तो भारत और आस्ट्रेलिया की राजनीतिक संस्कृति में भी काफी अंतर है। भारत की संसद एक बहुदलीय प्रणाली के भीतर संचालित होती है जहाँ देश की संस्कृतियों, भाषाओं और क्षेत्रिय हितों की विशाल श्रृखंला को प्रतिबिंबित करने वाले विविध राजनीतिक परिदृश्य के कारण गठबंधन अक्सर आवश्यक होता है।यह विविधता कभी-कभी खंडित शासन की ओर ले जाती है, जिससे स्थिर सरकार बनाने के लिए विभिन्न दलों के बीच बातचीत और समझौते की आवश्यकता होती है। इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया में कई पाट्रियाँ होने के बावजूद अक्सर दो-दलीय प्रभुत्व प्रणाली देखी जाती है, मुख्य रूप से लिबरल झ नेशनल गठबंधन और लेबर पार्टी के बीच, जिससे अधिक स्थिर शासन और स्पष्ट चुनावी परिणाम मिल सकते हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह 19 से 25 नवम्बर तक

मंडी। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान के अंतर्गत मंडी जिला में 19 से 25 नवम्बर तक सद्भाव सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इस सप्ताह का आयोजन केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन स्थापित राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान द्वारा समूचे देश में सांप्रदायिक सद्भाव की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जाता है। उन्होंने बताया कि अभियान सप्ताह के अंतिम दिन 25 नवम्बर को फ्लैग डे के तौर पर मनाया जायेगा। उन्होंने फ्लैग डे से एकत्रित राशि को सांप्रदायिक, जातीय या आतंकवादी हिंसा से प्रभावित बच्चों के शारीरिक और मानसिक पुनर्वास के लिए व्यय किया जाता है। उपायुक्त ने जिले वासियों से साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने तथा फ्लैग डे के अवसर पर अधिक से अधिक दान देने का आह्वान किया, ताकि सांप्रदायिक, जातीय या आतंकवादी हिंसा से प्रभावित बच्चों की सहायता की जा सके।

### उच्च न्यायालय ने पूछा- कहां जाएंगे 8 साल से कार्यरत कर्मचारी, 900 कर्मचारियों को नौकरी से हटाने पर रोक बरकरार

शिमला । हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने उद्यान विभाग में बागवानी विकास परियोजना के तहत करीब 900 कर्मचारियों को नौकरी से हटाने पर लगी रोक बरकरार रखी है। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी। न्यायाधीश ज्योत्सना रेवाल दुआ की एकल पीठ ने विभाग से पूछा कि जो कर्मचारी पिछले आठ साल से काम कर रहे हैं, वे अब कहां जाएंगे। इस पर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब की। विभाग की ओर से बताया गया कि इन कर्मचारियों के साथ किया गया समझौता 31 अक्तूबर को खत्म हो गया है, इसलिए इन्हें पदों पर बरकरार नहीं रख जा सकता है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि इन कर्मचारियों की नियुक्ति 2016 के बाद की गई थी। इनमें से कई कर्मचारियों को सेवा देते हुए 8 साल तक का समय हो गया है। अदालत में दलीलें दी गईं कि इस परियोजना के तहत 40 करोड़ रुपये विभाग के पास बिना खर्च के पड़े हैं। विभाग की ओर से कहा जा रहा है कि इस परियोजना की अवधि खत्म हो गई है, वहीं दूसरी ओर विभाग में इन्हीं पदों पर नई भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस काम के लिए इन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई थी। नई भर्तियों को भी उसी तरह के कार्य के लिए किया जा रहा है। यह परियोजना विश्व बैंक से वित्तपोषित है। एकल पीठ ने कहा कि अगली सुनवाई में सरकार और विभाग इस संबंध में अदालत में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह उल्लेखनीय है कि सरकार की ओर से इन कर्मचारियों को निकाल देने पर रोक को हटाने के लिए अर्जी दी गई थी। हालांकि, इस पर न्यायाधीश ने रोक को बरकरार रखा और अगली सुनवाई 25 नवंबर को तय की। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य की बिजली परियोजनाओं के तहत एक प्रतिशत लाडा के तहत खर्च करने के मामले में सुनवाई की। सरकार की ओर से एकल पीठ के निर्णय को डबल बेंच में चुनौती दी गई। सरकार ने अपनी दलीलों में कहा कि कंपनियां लाडा के तहत पूंजीगत लागत का एक प्रतिशत का भुगतान नहीं कर रही हैं। कंपनी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम पेश हुए। इस मामले की अगली सुनवाई दो दिसंबर को होगी।

### केन्द्र शिमला में तनाव प्रबंधन व नशा मुक्ति विषय पर एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया

शिमला। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा सशस्त्र सीमा बल के दूरसंचार प्रशिक्षण केन्द्र शिमला में तनाव प्रबंधन व नशा मुक्ति विषय पर एक विशेष सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य डॉ. सर्वेश्वर जी ने बताया कि आज के तेजी से बदलते और प्रतिस्पर्धात्मक युग में तनाव एक सामान्य समस्या बन चुकी है। यह न केवल हमारे मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। बहुत सारे लोग तनाव से निपटने के लिए नशे का सहारा लेते हैं, और फिर एक घटना से शुरू हुआ यह नशा कब हमें अपना आदी बना लेता है, पता ही नहीं चलता। ऐसे में मन की शांति, तन का आरोग्य, घर की सुख समृद्धि सब नष्ट हो जाते हैं और बचता है तो केवल दुःख, परेशानी, तकलीफ और रोग। इसलिए, तनाव प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। तनाव एक ऐसी मानसिक और शारीरिक प्रतिक्रिया है जो हम विभिन्न चुनौतियों और दबावों के समय अनुभव करते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम तनाव को समझें और इसके प्रबंधन के लिए उचित कदम उठाएँ। स्वामी जी ने तनाव प्रबंधन के लिए कुछ प्रभावी सुझाव भी दिए,जैसे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं , अपनी दिनचर्या को योजनाबद्ध ढंग से व्यवस्थित करें और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता दें। नकारात्मक विचारों को सकारात्मक दृष्टिकोण से बदलने की कोशिश करें। स्वामी जी ने कहा कि अगर हम बुरी से बुरी परिस्थिति में और जीवन के उतार-चढ़ाव में खुद को सक्षम बनाना चाहते हैं तो हमें जरूरत है के हमारा आत्मविश्वास दृढ़ हो पर ये तभी संभव है जब हम आत्म-साक्षात्कार कर खुद को पहचान जाएं और यह केवल ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना से ही संभव हो सकता है। उन्होंने इस संदर्भ में महाभारत के अर्जुन की उदाहरण देते हुए कहा कि इतना महान योद्धा भी युद्ध में स्ट्रेस से ग्रसित हो गया था तो उसे भगवान श्री कृष्ण ने इसी ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना से जोड़ कर स्ट्रेस मुक्त किया था। हमें भी उसी ध्यान से जुड़ने की जरूरत है क्योंकि समाज में पनपने वाली हर समस्या का जन्म इस सूक्ष्म मन से हुआ है और ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना इसी मन के विचारो को नियंत्रित करती है। कार्यक्रम के दौरान जवानों को कुछ रोचक क्रियाओं करवाकर जिन्दगी जीने के सूत्र प्रदान किए गए। स्वामी धीरानंद जी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए पूरे भारत में बोध नामक प्रकल्प चलाया गया है जिसके अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली आदि कार्यक्रम किए जाते हैं। स्वामी जी ने कहा कि तनाव से मुक्ति का ध्यान ही सर्वोत्तम उपाय है। एसएसबी अधिकारी अजय शर्मा जी ने जवानों के उत्थान के लिए किए गए कार्यक्रम के लिए संस्थान का धन्यवाद किया और संस्थान द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।



# शिक्षा मंत्री बोले- हड़ताल को तुरंत करें खत्म, इस बात पर अड़े वोकेशनल शिक्षक

सिटी दर्पण
शिमला



राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान में वोकेशनल शिक्षकों का प्रदर्शन लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। शिक्षक बातचीत के लिए बुलाने पर अड़े है।हरियाणा की तर्ज पर नीति बनाने, वेतन का एरियर जारी करने और निजी कंपनियों को बाहर करने की शिक्षक मांग उठा रहे हैं। सरकार से वार्ता नहीं होने की स्थिति में शिक्षकों ने सचिवालय के बाहर प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी है। उधर, सर्द मौसम के बीच मंगलवार को भी चौड़ा मैदान में ही तंबू लगाकर शिक्षकों ने दूसरी रात काटी। सोमवार रात भी शिक्षक यहीं रहे थे। बुधवार को भी शिक्षकों का प्रदर्शन जारी रहेगा।मंगलवार को दिन भर चौड़ा मैदान में शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया। वेतन एरियर नहीं मिलने और निजी कंपनियों को बाहर करने की मांग को लेकर 2400 व्यावसायिक शिक्षक सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।वोकेशनल शिक्षक संघ के बैनर तले वोकेशनल शिक्षकों ने मंगलवार को भी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और स्थायी नीति की मांग उठाई। उधर, मंगलवार को लगातार दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश के 1100 से अधिक सरकारी स्कूलों में वोकेशनल शिक्षा की पढ़ाई नहीं हुई। वोकेशनल शिक्षक संघ के अध्यक्ष अश्वनी डटवालिया ने बताया कि प्रदेश के सरकारी उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में साल 2013 से 9वीं से 12वीं कक्षा तक छात्र-छात्राओं को वोकेशनल शिक्षा के विषय को पढ़ाए जा रहे हैं।इन पाठ्यक्रमों में 80 हजार से ज्यादा विद्यार्थी पंजीकृत है। वोकेशनल शिक्षकों को निजी कंपनियों के माध्यम से नियुक्त किया गया है। शिक्षकों के लिए हरियाणा की तर्ज पर नीति बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियां मनमानी कर रही है। समय पर वेतन की अदायगी नहीं होती। सरकार के निदेर्शों के बावजूद वेतन का एरियर नहीं दिया गया।उन्होंने कहा कि जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, विरोध प्रदर्शन को जारी रखा जाएगा।

# हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड आयोजित करेगा जागरूकता कार्यक्रम

सिटी दर्पण
शिमला



हिमाचल प्रदेश स्टेट ईलैक्ट्रिसिटी बोर्ड द्वारा आज-कल प्रदेश भर में जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन किए जा रहे हैं।इसी क्रम में आज जिला कुल्लू के आनी विद्युत मंडल के अतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दलाश में पब्लिक इंट्रैक्शन कार्यक्रम के तहत जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकों को सम्बोधित करते हुए बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति में किसी तरह की रूकावट आने की दिशा में बोर्ड के टोल फ्री न0 1800-180-8060 या 1912 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि विद्युत बचत न केवल उपभोक्ताओं के लिए बल्कि बोर्ड के लिए भी लाभप्रद है। उन्होंने विद्युत सुरक्षा में नियामक आयोग द्वारा विद्युत सुरक्षा रेगुलेशन्स पर भी चर्चा की गई। उन्होंने नए विद्युत कनैक्शन जारी करने, अतिरिक्त विद्युत भार, अस्थायी विद्युत कनैक्शन, विद्युत मीटर के स्थानानतरण, विद्युत बिलों के भुगतान के लिए ऑल लाईन व अन्य सुविधाओं की जानकारी, ई-वाहन का प्रचलन, अग्रीम विद्युत भुगतान, विद्युत टैरिफ, आई0डी0सी0 चार्जेज बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उपभोक्ताओं को बिजली के अनाधिकृत प्रयोग और चोरी पर विभिन्न प्रकार की सजाओं के प्रावधान के बारे में भी जानकारी दी।उन्होंने तकनीकी तौर पर विद्युत करंट, रजिसटेंस तथा अर्थिंग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से अर्थिंग आज के युग की आवश्यकता है जिसका प्रयोग शेष क्षेत्रों सहित घरेलू क्षेत्र में भी होना आवश्यक है। उन्होंने करंट लगने की दिशा में बचाव के तरिकों की जानकारी भी प्रभावी तौर से दी। विद्युत अपघात के कारण और इससे बचाव के उपायों बारे भी चर्चा की गई।

## मंडी के 76 होटल स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग से अलंकृत

# स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग से पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा: रोहित राठौर

सिटी दर्पण
मंडी



जिला मंडी के 76 होम स्टे, होटल, गेस्ट हाउस को ग्रीन लीफ रेटिंग से नवाजा गया है, जिनमें से 3 संस्थानों को पांच लीफ, 41 संस्थानों को तीन लीफ तथा 32 संस्थानों को एक लीफ प्रदान किया गया है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि जिला के 151 संस्थानों ने ग्रीन लीफ रेटिंग के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 93 का मूल्यांकन किया गया तथा 76 को सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद इस रेंटिंग से अलंकृत किया गया है जबकि शेष संस्थानों के मूल्यांकन का कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने बताया कि स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग ठोस कूड़ा-कचरा प्रबंधन, अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रित करने की क्रिया ;ग्रे वाटर मैनेजमेंटद्ध, मानव मल-मूत्र के सही प्रबंधन को आधार मानकर प्रदान की गई है।उन्होंने बताया कि इन सभी संस्थानों को जिला प्रशासन द्वारा ग्रीन लीफ रेटिंग प्रमाण पत्र प्रदान किये जा रहे हैं जो इन संस्थानों में लगेंगे तथा इससे पर्यटक कारोबार बढेगा।

रोहित राठौर ने कहा कि स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग से पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रेटिंग का उद्देश्य स्वच्छता में सुधार करके आतिथ्य क्षेत्र में विश्वस्तरीय स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देना, जल निकायों में प्रदूषण की रोकथाम के साथ-साथ पर्यटन उद्योग में स्वच्छता मानकों को उन्नत करना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है।

उन्होंने कहा कि सॉलिड वेस्ट प्रबंधन, ह्यूमन वेस्ट प्रबंधन और ग्रे वाटर प्रबंधन के आधार पर स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग आंकी गयी है। उनके प्रदर्शन के आधार पर जिला के होम स्टे, होटल तथा गेस्ट हाउस को एक लीफ, तीन लीफ और पांच लीफ रेटिंग दी जाएगी। जितने ज्यादा लीफ हैं, उनका स्वच्छता प्रबंधन उतना ही उचित स्तर का आंका गया है।

स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली के तहत जिला के पांच लीफ रेटिंग प्राप्त होटलों में बल्ह के नेरचैक स्थित सीएम पैलेस होटल, सुन्दरनगर में लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह तथा सुन्दरनगर के जड़ोल में राजा होटल एवं रेस्टोरेंट शामिल है जबकि तीन लीफ रेटिंग प्राप्त होटलों में जिला के 41 तथा एक लीफ रेटिंग में जिला के 32 होटल, होम स्टे तथा गेस्ट हाउस शामिल हैं। बैठक का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के जिला विकास अधिकारी जी.सी. पाठक ने किया तथा जिला में चलाए जा रहे स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी मनोज कुमार, होटल एसोसिएशन मंडी के प्रतिनिधि अंकुश सूद, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक ज्योति प्रकाश ने अपने सुझाव रखे। बैठक में जिला पर्यटन विकास अधिकारी मनोज कुमार, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जी.आर. ठाकुर, ट्रैवल एंजैंसी के प्रधान हितेश गुप्ता, होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि अंकुश सूद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि जिला के सभी खंड विकास अधिकारी ऑनलाइन रूप में मौजूद थे।

# ऋषभ पंत आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के उछाल से छठे स्थान पर

## इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट की सूची में शीर्ष पर बढ़त बरकरार

एजेंसी
दुबई

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। पंत ने मुंबईटेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा। इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किये गये अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गये हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ।

मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गये, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे। इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रुक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं। भारत के शुभमन गिल ने मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेली जिससे वह चार पायदान के लाभ से



16वें स्थान पर पहुंचे जबकि न्यूजीलैंड के 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' विल यंग 29 पायदान की उछाल से 44वें स्थान पर काबिज होने में सफल रहे।

रविंद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ 10 विकेट लेने से टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंचे जिससे वह रविचंद्रन अश्विन से एक स्थान पीछे हैं। कागिसो रबाडा शीर्ष रैंकिंग पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस से आगे दूसरे स्थान पर हैं। वहीं टीम साथी वाशिंगटन सुंदर टेस्ट गेंदबाजों में सात पायदान के लाभ से 46वें स्थान पर पहुंच गये। न्यूजीलैंड के स्पिन जोड़ीदार एजाज पटेल (12 पायदान के फायदे) और ईश सोढी (तीन पायदान के फायदे) क्रमशः 22वें और 70वें स्थान पर बने हुए हैं।

### भारत ए ने बदली गई गेंद का किया था विरोध, वार्नर और कोवान ने मांगा स्पष्टीकरण

**सिडनी।** भारत ए के खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पिछले सप्ताह खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के अंतिम दिन के खेल के दौरान दी गई बदली हुई गेंद की स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया, जबकि डेविड वार्नर और एड कोवान ने मामले में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से स्पष्टीकरण देने को कहा है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। भारतीय खिलाड़ी, विशेषकर इशान किशन, इस फैसले से नाखुश थे तथा इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया था। सिडनी मार्निंग हेराल्ड में बुधवार को प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय टीम गेंद बदलने को लेकर नहीं बल्कि बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर विरोध कर रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है,' इस मामले को लेकर एक तथ्य जो अभी तक पता नहीं था यह है कि भारत ए की टीम इसलिए नाराज नहीं थी कि गेंद को बदल दिया गया है बल्कि वह बदली गई गेंद की स्थिति को लेकर नाखुश थी। यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं था क्योंकि खिलाड़ियों और अंपायरों के बीच बदली गई गेंद को लेकर दशकों से बहस होती रही है।'

# आईपीएल मेगा नीलामी की सूची में स्टोक्स का नाम नहीं, ड्रेका और नेत्रावलकर शामिल

एजेंसी
मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली मेगा नीलामी के लिए 1574 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है लेकिन इसमें इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स शामिल नहीं हैं। जिन खिलाड़ियों को ने पंजीकरण कराया है उनमें स्टोक्स के पूर्व साथी जेम्स एंडरसन, इटली के तेज गेंदबाज थॉमस ड्रेका और भारत में जन्मे अमेरिका के मध्यम तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रावलकर शामिल हैं। इस सूची को फ्रेंचाइजी से परामर्श लेने के बाद छोटा किया जाएगा। सूची में भारत के दिग्गज खिलाड़ी ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, आर अश्विन और युजवेंद्र चहल भी शामिल हैं जिन्हें उनकी टीमों ने रिलीज कर दिया था। इन पांच क्रिकेटरों में से प्रत्येक ने खुद को दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर सूचीबद्ध किया है। चोटिल होने के कारण पिछले साल नवंबर से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने भी दो करोड रुपए के आधार मूल्य में खुद को सूचीबद्ध किया है। कोई भी खिलाड़ी खुद को दो करोड रुपए के आधार मूल्य में सूचीबद्ध कर सकता था। भारत के जिन अन्य खिलाड़ियों ने इस आधार मूल्य में खुद को सूचीबद्ध किया है



उनमें खलील अहमद, मुकेश कुमार, वेंकटेश अय्यर, आवेश खान, दीपक चाहर, इशान किशन और भुवनेश्वर कुमार शामिल हैं।

इस सूची में शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, देवदत्त पडिक्कल, क्रुणाल पंड्या, हर्षल पटेल, प्रसिद्ध कृष्णा, टी नटराजन, वॉशिंगटन सुंदर और उमेश यादव भी शामिल हैं। भारतीय बल्लेबाज सरफराज खान और पृथ्वी साव ने 75-75 लाख रुपये के आधार मूल्य पर अपना पंजीकरण कराया है। कार्यभार प्रबंधन और अपनी फिटनेस पर ध्यान देने के कारण पिछले आईपीएल में नहीं खेलने वाले स्टोक्स ने फिर से यही विकल्प चुना है। इस साल की शुरूआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 42 वर्षीय एंडरसन ने पहली बार आईपीएल के लिए पंजीकरण कराया है। इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने आखिरी बार 10 साल पहले 2014 में टी20 मैच खेला था। उनका आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपये है। इस साल की शुरूआत में टी20 विश्व कप के दौरान शानदार प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान खींचने वाले नेत्रावलकर भी नीलामी में अपना भाग्य आजमाएंगे। इस सॉफ्टवेयर इंजीनियर का आधार मूल्य 30 लाख रुपये है। पिछली नीलामी में नहीं बिक पाने वाले शीर्ष ऑस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने फिर से पंजीकरण कराया है। उनका आधार मूल्य दो करोड रुपए है। पिछली नीलामी में रिकॉर्ड 24.50 करोड रुपए में बिकने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दो करोड रुपए के आधार मूल्य में खुद का पंजीकरण कराया है। मध्यम गति के तेज गेंदबाज थॉमस ड्रेका आईपीएल के लिए पंजीकरण कराने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस साल जून में इटली के लिए पदार्पण करने के बाद से इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने अगस्त में ग्लोबल टी20 कनाडा में अच्छा प्रदर्शन करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था। ड्रेका ने ऑलराउंडर की श्रेणी में 30 लाख रुपये की न्यूनतम कीमत पर अपना नाम दर्ज कराया है। प्रत्येक फ्रेंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ियों (संबंधित रिटेन खिलाड़ियों सहित) की टीम बना सकेगी।

# रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर की एएफसी चैंपियंस लीग में बड़ी जीत



एजेंसी
रियाद

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया। फैबियो काडोसी के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी। वेस्ले और तालिस्का ने दूसरे हाफ में अल नासर के लिए गोल किए। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया। मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम दक्षिण कोरिया के दो बार के चैंपियन उल्सान एचडी पर 3-0 से जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

## कोको गॉफ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में, सबालेंका शीर्ष स्थान पर करेंगी साल का अंत

**रियाद।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने सत्र के अंतिम टूनार्मेंट डब्ल्यूटीए फाइनल्स में इगा स्वियातेक पर 6-3, 6-4 की जीत से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस नतीजे का मतलब है कि पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्वियातेक इस हफ्ते रैंकिंग में दूसरे स्थान से ऊपर नहीं जा सकेंगी और आर्यना सबालेका पहली बार साल का अंत शीर्ष स्थान से करेंगी। यह 2023 अमेरिकी ओपन चैम्पियन गॉफ की 2023 सिनसिनाटी ओपन के बाद स्वियातेक पर पहली जीत है। दोनों के बीच करियर में 13 भिड़ंत में यह गॉफ की दूसरी जीत भी रही। विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेजसिकोवा ने जेसिका पेगुला पर 6-3, 6-3 की जीत से अपने अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद जीवंत रखी है। इससे पेगुला का सफर टूनार्मेंट में खत्म हो गया जो पहले मैच में गॉफ से सीधे सेट में हार गई थीं।

# पोंटिंग ने भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की 3-1 से जीत की भविष्यवाणी की

एजेंसी
दुबई

पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना 'सबसे बड़ी चुनौती' होगी। ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू शो' पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा, 'संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है।' शमी चोटों के कारण



पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है। पोंटिंग ने कहा, 'शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि भारत के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट लेना सबसे बड़ी चुनौती होगी। मुझे लगता है कि वे मौजूदा बल्लेबाजों के साथ यहां अच्छी बल्लेबाजी करेंगे।'

## वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

**सिडनी।** डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। वार्नर ने कहा,'इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है। मैं इस सत्र में आगे बढ़कर नेतृत्व करने और युवा खिलाड़ियों में अपने अनुभव साझा करने को लेकर उत्साहित हूं।'

# अनिल कुंबले को उम्मीद, दक्षिण अफ्रीका में युवा खिलाड़ियों को मिलेगा मौका

एजेंसी
मुंबई

पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि यश दयाल, विशाक विजयकुमार और रमनदीप सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार रिकार्ड को देखते हुए भारतीय टी20 टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिलना चाहिए। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम डरबन में शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच हैं। कुंबले ने जिओ सिनेमा से कहा,'मुझे उम्मीद है कि इन तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका मिलेगा क्योंकि उन्होंने घरेलू स्तर पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है।' कुंबले ने तेज गेंदबाज यश दयाल की शानदार वापसी करने के लिए प्रशंसा की, जिन पर रिंकू



सिंह ने आईपीएल 2023 के दौरान लगातार पांच छक्के जड़े थे। उन्होंने कहा,'यश दयाल जिन पर रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के लगाए थे, उन्होंने क्या शानदार वापसी की। इससे उनके जज्बे का पता चलता है। वह बाएं हाथ का शानदार तेज गेंदबाज है जो दोनों तरफ गेंद को मूव कर सकता है।' कुंबले ने हैरानी जताई कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विजयकुमार को रिटेन नहीं किया। उन्होंने कहा, 'विजयकुमार वास्तव में बहुत अच्छा तेज गेंदबाज है जिसने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे वास्तव में हैरानी हुई कि आरसीबी ने उसे रिटेन नहीं किया। मुझे उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका में उसे मौका मिलेगा।



# प्रदूषण की वजह से डल हो चुके चेहरे पर ऐसे लाएं निखार

देश के अधिकतर हिस्सों के प्रदूषण खतरनाक स्तर को पार कर रहा है। इस सीजन में हर साल हम प्रदूषण की समस्या से जूझते हैं। अनेक शहरों की हवा साँस लेने लायक नहीं रह गई है और सेहत के प्रति संजीदा लोग मास्क पहन कर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। कंस्ट्रक्शन, व्हीकल्स, पराली जलाने, फैक्टरियों के धुएँ और कई अन्य कारणों से आगामी दिनों में स्थिति बद से बदतर हो सकता है। हालाँकि बायु प्रदूषण से सेहत को होने बाले नुकसान के बारे में ज्यादातर लोग जागरूक हैं लेकिन बायु प्रदूषण से बालों, त्वचा,चेहरे की सुन्दरता पर पड़ने बाले खतरनाक प्रभाव से कम ही लोग बाकिफ हैं। वायु में बढ़ते प्रदूषण से न केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ता है लेकिन उससे आपकी खूबसूरती पर भी ग्रहण लगता है। शहरो में बढ़ते बायु प्रदूषण से आपको फेफड़ों के रोगों के अलावा समय से पहले बुढ़ापा,पिगमेंटेशन,त्वचा के छिद्रों में ब्लॉकिज आदि अनेक सौन्दर्य समस्यायें खड़ी हो जाती हैं। ज्यादातर भारतीय शहरों में बाहनों, एयर कण्डीशन,धुल, धुएं आदि से आसमान में बनने बाली जहरीली धुंध की चादर से माइक्रोस्कोपिक केमिकल्स की एक परत बन जाती है जिसके कण हमारे छिद्रों के मुकाबले 20 गुणा ज्यादा पतले होते है जिसकी बजह से बह हमारी बार्ही त्वचा से हमारे छिद्रों में प्रवेश कर के त्वचा की नमी को खतम कर देते हैं जिससे त्वचा में लालिमा, सूजन,काले दाग,त्वचा में लचीलेपन में कमी, आ जाती हैं जिससे त्वचा निर्जीव, शुष्क, कमजोर एवं बुझी बुझी सी हो जाती है। वायु में विद्यमान रसायनिक प्रदूषण त्वचा तथा खोपड़ी के सामान्य सन्तुलन को बिगाड़ देते है जिससे त्वचा में रूखापन, संवेदनहीनता लाल चकत्ते, मुहांसे तथा खुजली एवं अन्य प्रकार की एलर्जी एवं बालों में रूसी आदि की समस्यायें उभर सकती है। लेकिन अगर आप शहरों में रहते हैं तो आप प्रदूषण से कभी छुटकारा नहीं पा सकते लेकिन अच्छी खबर यह है की आप प्रदूषण से सौन्दर्य को होने बाले नुकसान को काम कर सकते हैं। आयुर्वैदिक घरेलू उपचार तथा प्राचीन औषद्यीय पौधो को मदद से प्रदूषण के सौंदर्य पर पढ़ने वाले प्रभाव को पूरी तरह रोका जा सकता है तथा आपका सौन्दर्य सामान्य रूप से निखरा रह सकता है। प्राचीन औषधीय पौधों को घर में लगाने से वायु में विषैले तत्वों को हटाकर वायु को स्वच्छ रखा जा सकता है क्योंकि यह पौधे वातावरण में विद्यमान हानिकारक गैसों को सोखकर घर में वातावरण को शुद्ध कर देते है। वायु प्रदूषण का सबसे खतरनाक असर त्वचा पर पड़ता है क्योंकि प्रदूषण के विषैले तत्व त्वचा पर सीधा प्रहार करके त्वचा में विषैले पदार्थो का जमाव कर देते है। वास्तव में यह विषैले पदार्थ त्वचा में खुजली के प्रभावकारी कारक होते है। वायु में विद्यमान विषैले पदार्थो का सौंदर्य पर दीघकालीन तथा अल्पकालीक प्रभाव पड़ता है त्यौहारों एवं समारोहो में चलाये जाने वाले पटाखों तथा अतिषबाजी से भी वायु में विषैले पदार्थ प्रवेश करते हैं जिससे त्वचा में खुजली बढ़ जाती है। वायु में विद्यमान रसायनिक प्रदूषण वातावरण में आक्सीजन को कम कर देते है जिससे त्वचा में समय से पूर्व झुर्रिया तथा बुढ़ापे के लक्षण झलकना शुरू हो जाते है। प्रदूषण की वजह से त्वचा पर जमे मैल, गन्दगी तथा रसायनिक तत्वों से छुटकारा प्रदान करने के लिए त्वचा की सफाई अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि आपकी त्वचा शुष्क है तो आपको क्लीजिंग क्रीम तथा जैल का प्रयोग करना चाहिए जबकि तैलीय त्वचा में क्लीनिंग दूध या फेशवाश का उपयोग किया जा सकता है। सौंदर्य पर प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए चन्दन, यूकेलिप्टस, पुदीना, नीम, तुलसी, घृतकुमारी जैसे पदार्थो का उपयोग कीजिए। इन पदार्थो में विषैले तत्वों से लड़ने की क्षमता तथा बलवर्धक गुणों की वजह से त्वचा में विषैले पदार्थो के जमाव तथा फोडे, फुन्सियों को साफ करने में मदद मिलती है। वायु प्रदूषण खोपड़ी पर भी जमा हो जाते है।



### ऐसे करें त्वचा की देखभाल

- एक चम्मच सिरका तथा घृतकुमारी में एक अण्डे को मिलाकर मिश्रण बना लीजिए तथा मिश्रण को हल्के-2 खोपड़ी पर लगा लीजिए। इस मिश्रण को खोपड़ी पर आधा घण्टा तक लगा रहने के बाद खोपड़ी को ताजे एवं साफ पानी से धो डालिए। आप वैकल्पिक तौर पर गर्म तेल की थैरापी भी दे सकते है।
- नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगा लीजिए। अब गर्म पानी में एक तौलिया डुबोइए तथा तौलिए से गर्म पानी निचोडने के बाद तौलिए को सिर के चारों ओर पगड़ी की तरह बांध कर इसे पांच मिनट तक रहने दीजिए तथा इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहराईए। इस प्रक्रिया से बालों तथा खोपड़ी पर तेल को सोखने में मदद मिलती है। इस तेल को पूरी रात सिर पर लगा रहने दे तथा सुबह ताजे ठण्डे पानी से धो डालिए।
- प्रदूषण से जंग में पानी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इस दौरान आप ताजे, स्वच्छ जल का अधिकतम उपयोग कीजिये क्योंकि पानी शरीर के विषैले पदार्थों को बाहर निकलने तथा कोशिकाओं को पौष्टिक पदार्थों को बनाये रखने में मदद करता है। प्रदूषण की बजह से त्वचा को हुए नुकसान की भरपाई पानी से आसानी से की जा सकती है।
- ओमेगा 3 तथा ओमेगा 6 फैटी एसिड्स त्वचा को प्रदूषण के दुष्प्रभाब से बचाने में अहम भूमिका अदा करते है। फैटी एसिड्स त्वचा में आयल शील्ड बना देते हैं जिससे त्वचा को अल्ट्रा वायलेट किरणों से होने बाले नुकसान से सुरक्षा प्राप्त होती है। ओमेगा 3 फैटी एसिड्स बफीर्ले पहाड़ों की नदियों में पाए जाने बाली मछली, अखरोट, राजमा, तथा पालक में प्रचूर मात्रा में मिलता है जबकि ओमेगा 6 चिकन,मीट,खाद्य तेलों,अनाज तथा खाद्य बीजों में पाया जाता है
- वायु में प्रदूषण तथा गन्दगी से आंखों में जलन तथा लालिमा आ सकती है। आंखों को ताजे पानी से बार-2 धोना चाहिए। काटनवूल पैड को ठण्डे गुलाब जल या ग्रीन-टी में डुबोइए तथा इसे आँखों में आई पैड की तरह प्रयोग कीजिए। आंखों में आई पैड लगाने के बाद जमीन में गद्दे पर 15 मिनट तक आराम में शवआशन की मुद्रा में लेट जाइए। इससे आंखों में थकान मिटाने में मदद मिलती है तथा आंखों में चमक आती है।
- वायु में प्रदूषण से शहरों में रहने वाले नागरिको के स्वास्थ्य तथा तन्दरूसती पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। आजकल हम अत्याधिक प्रदूषण स्तर को झेल रहे है जिससे सांस तथा फेफड़ों की बीमारी सामान्य बन गई है। घर के अन्दर प्रदूषित हवा से सिरदर्द, आखें में जलन जैसी बिमारियां घर कर रही है। वास्तव में सरकारी तथा वैज्ञानिक संगठनों का मुख्य लक्ष्य वर्तमान में विद्यमान प्रदूषण के उच्च स्तर को सामान्य स्तर तक लाना है जिसे हम कुछ औषधीय पौधों को मदद से प्राप्त कर सकते है। इन पौधों में एलोवेरा सबसे लाभदायक माना जाता है जो कि सामान्यतः सभी भारतीय घरों में आसानी से देखा जा सकताहै। यह घरों में आक्सीजन को प्रवाह को तेज करता है तथा प्रदूषण के प्रभाव को कम करता है। यह कार्बनडायक्साईड तथा कार्बन मोनोआक्सीईड को सोख कर आक्सीजन को वातावरण में छोड़ता है।
- इसके अलावा अंजीर, बरगद, पीपल का वृक्ष स्पाईडर प्लान्ट भी हवा को साफ करने में काफी सहायक माना जाता है क्योंकि यह हवा में विद्यमान जहरीले तत्वों को सोख लेते है। इसके अलावा सान्सेवीरिया जिसे सामान्य भाषा में स्नेक प्लान्ट कहा जाता है भी वायु प्रदूषण को रोकने तथा ताजा स्वच्छ हवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। स्नेक प्लांट को सामान्य बैडरूम में रखा जाता है तथा इसकी देखभाल भी काफी आसान तथा सामान्य है। इसके अलावा ऐरेका पाम, इंग्लिश आईवी, वोस्टनफर्न तथा पीस लिलो जैसे पौधे भी भारत में आसानी से मिल जाते है तथा पर्यावरण मित्र माने जाते है।



# प्रदेश में 1695 करोड़ रुपए की 73 परियोजनाओं पर चल रहा है काम: गंगवा

## अब गांव-शहर के लिए प्रोजेक्टों को आगामी 20-25 साल तक सुविधा देने के लिए किया जाए तैयार: जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री

- जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने पंचकूला के रेड बिशप में आयोजित विभाग के अधिकारियों की बैठक की करी अध्यक्षता



सिटी दर्पएण

पंचकूला

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब गांव-शहर के लिए बनाए जाने वाले प्रोजेक्टों को आगामी 20-25 साल तक सुविधा दिए जाने की व्यवस्था के साथ तैयार किया जाए, ताकि समय के साथ आबादी बढ़ने पर भी सीवर-पानी के लिए नागरिकों को परेशानी ना हो।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित रेड बिशप में आयोजित विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उनके साथ अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, ईआईसी असीम खन्ना, डायरेक्टर देवेन्द्र दहिया सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में रणबीर गंगवा ने अधिकारियों से विभाग के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की और विभाग परेशानियों को जाना। साथ ही उनके समाधान के लिए सीएम से बातचीत करने का आश्वासन दिया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर बार बरसात के समय में सीवर बंद रहने की समस्याएं आम होती है। इस बार बरसात के सीजन में ऐसा नहीं होना चाहिए। समय से पहले सीवरों की सफाई करवाई जाए। इस काम के लिए ली गई मशीनों का ठीक ढंग से प्रयोग किया जाए। रणबीर गंगवा ने बताया कि प्रदेश की जनता ने तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर भरोसा जताया है। चाहे नेता हो, अधिकारी हो या कर्मचारी हो, हम सबको जनता की सेवा के लिए काम करना करना है। हम जनता के चौकीदार और सेवादार के तौर पर काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की पहचान बिना भेदभाव के काम कर रही है। जो भी बजट आता है उसमें से सभी जिलों को उनकी रेसो के अनुसार बजट देकर काम करवाया जाए। ताकि जनता के साथ भेदभाव ना हो। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया जाएगा। यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी की कोई कमी मिली तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी जिला में अपनी शिकायत देता है तो उसकी शिकायत को दर्ज किया जाए और उस शिकायत का 7 दिनों में समाधान किया जाए। यदि सात दिन में समस्या का समाधान ना हो तो शिकायतकर्ता की संतुष्टि करवाई जाए।

### 144 गांवों में महाग्राम योजना के तहत काम

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि हमारा महकमा ही ऐसा है, जो प्रदेश के हर नागरिक के साथ जुड़ा हुआ है। हर व्यक्ति को पीने का पानी मुहैया करवाता है। हमारी जिम्मेदारी है ये है कि हम स्वच्छ पानी की सप्लाई दी जाए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 10 हजार से ज्यादा आबादी वाले गांवों को महाग्राम योजना में शामिल किया गया। इस योजना के तहत 14 गांवों में सीवर-पानी का काम पूरा हो चुका है। 30 गांवों का कार्य चल रहा है। प्रदेश के 144 गांवों के लिए सीवर-पानी की योजना को दिसम्बर 2027 तक तैयार किया जाएगा।

### 1443 करोड़ से 48 जल आपूर्ति परियोजनाओं को मंजूरी मिली

उन्होंने कहा कि अमरूत-2 योजना के तहत प्रदेश में काम किया जाएगा। इसके लिए करीब 1443 करोड़ की लागत से 48 जल आपूर्ति परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। इस वर्ष में अमरुत शहरों में जल आपूर्ति के लिए 656 करोड़ रुपए और सीवरेज सुविधाओं के लिए 144 करोड़ रुपए हैं। इसमें केन्द्र और प्रदेश सरकार का हिस्सा शामिल है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में लगभग 1695 करोड़ रुपए की 73 परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

### प्रोजेक्टों का उच्च क्वालिटी के साथ हो काम

रणबीर गंगवा ने कहा कि अब जिस भी प्रोजेक्ट पर काम होगा या रिपेयर की जाएगी, उसकी क्वालिटी में कमी नहीं होनी चाहिए। भारत सरकार का क्वालिटी पर पूरा जोर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर घर में नल और हर नल में जल हो। जल जीवन मिशन के तहत पुरानी पाइपों को बदला जाए। साथ ही जिस प्रोजेक्ट में जो कार्य तय हुआ है उनको पूरा करवाया जाना चाहिए। कहीं पर सीवर डालने के बाद गलियों में अव्यवस्था सामने आ रही है। आगे ऐसा नहीं होना चाहिए।

## समाधान शिविर में 7 समस्याओं में से 2 का मौके पर किया समाधान: सिंगला

सिटी दर्पण

रायपुररानी/पंचकूला




हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित जिले के चारों ब्लॉकों पिंजौर, रायपुररानी, बरवाला व मोरनी में समाधान शिविर का 22 अक्तूबर से लगातार आयोजन किया जा रहा है। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजन सिंगला ने ग्रामीणों से समाधान शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का शीघ्रता और मौके पर समाधान करवाने की अपील की। उन्होने सभी अधिकारियों से प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। राजन सिंगला ने बताया कि आज चारों ब्लॉको में से रायपुररानी में ग्रामीणों द्वारा समाधान शिविर में 7 समस्याएं सुनी गई, जिनमें से दो का मौके पर समाधान किया गया बाकि संबंधित अधिकारी को जल्दी से जल्दी समाधान के लिए भेजी गई। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने बताया कि मुख्य रूप से स्वामित्व योजना से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस को हर ब्लॉक के बीडीपीओ कार्यालय पर 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डीडीपीओ ने बताया कि विशेषतौर पर स्वामित्व स्कीम से जुडी हुई ग्रामीणों की समस्या का समाधान शिविर में प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया जा रहा है। प्रतिदिन समाधान शिविर में किए गए कार्यो की रिपोर्ट मुख्यालय पर सीनियर अधिकारियों को भेजी जाएगी, इसमें किसी भी किस्म की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। समाधान शिविर में बीडीपीओ, एसईपीओ, ग्राम सचिव, पटवारी तथा संबंधित अधिकारी मौके पर ही मौजूद रहकर समस्याओं का निपटारा करेंगे।

## पीजीआई में जीआईओएस 2024 सम्मेलन 8-10 नवंबर तक

सिटी दर्पण

चंडीगढ़



जीआई ऑन्कोलॉजी सोसाइटी और रेडियोथेरेपी और ऑन्कोलॉजी विभाग पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ 8 से 10 नवंबर 2024 तक जीआई ऑन्कोलॉजी सोसाइटी-जीआईओएस 2024 का वार्षिक सम्मेलन आयोजित कर रहा है। सम्मेलन का विषय है 'ब्रिजिंग होराइजन्सः अपर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और हेपेटो-पैन्क्रियाटिकोबिलरी मैलिग्नेंसीज के लिए एकीकृत दृष्टिकोण'। यह सम्मेलन पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अपर जीआई कैंसर के निदान, प्रबंधन और रोकथाम में शामिल सभी हितधारक शामिल हैं। सम्मेलन के पहले दिन हेपेटोसेलुलर कैंसर (एचसीसी) के बहुविषयक प्रबंधन में प्रगति से संबंधित एक कार्यशाला होगी।

विभाग के जीआई ऑन्कोलॉजी समूह ने हेपेटोलॉजी विभाग, जीआई सर्जरी विभाग, एचपीबी और यकृत प्रत्यारोपण और रेडियोडायग्नोसिस और इमेजिंग विभाग के सहयोग से सफलतापूर्वक जीआई कैंसर के प्रबंधन के लिए विभिन्न बहुविषयक विकल्पों की शुरूआत करना। सम्मेलन का विषय इसी बात को ध्यान में रखते हुए चुना जा रहा है क्योंकि विभाग ने हेपेटोसेलुलर कैंसर में एसबीआरटी के अपने अनुभव को भी प्रकाशित किया है। इसके अलावा विभाग अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के मामले में सबसे आगे रहा है और कोलेंजियोकार्सिनोमा के प्रबंधन में आणविक रोगविज्ञान और उपचारात्मक दृष्टिकोणों में हाल ही में हुई प्रगति पर प्रकाशित किया है।

अतिरिक्त जीआई कैंसर से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करने और भाग लेने के लिए प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय संकाय सहित 300 से अधिक प्रतिनिधि होंगे। ऑक्सफोर्ड कैंसर सेंटर यूके, वेलिंड्रे यूनिवर्सिटी - यूके, ड्यूक यूनिवर्सिटी-एनएचएस सिंगापुर, खोन केन यूनिवर्सिटी थाईलैंड के प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ-साथ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, इम्यूनोहिस्टोपैथोलॉजी के साथ-साथ आणविक पैथोलॉजी के क्षेत्र में भारत के प्रख्यात संकाय जीआई कैंसर के प्रबंधन से संबंधित वर्तमान मुद्दों और विवादों पर चर्चा करेंगे।

सम्मेलन के अंतिम दिन, एक समर्पित सत्र भारत में पित्ताशय के कैंसर के प्रबंधन के लिए एक आम सहमति पैनल के निर्माण पर केंद्रित होगा। यह सत्र इस चुनौतीपूर्ण कैंसर के प्रभावी उपचार के लिए दिशा-निर्देशों पर चर्चा करने और स्थापित करने के लिए अग्रणी विशेषज्ञों को एक साथ लाएगा। इसके अतिरिक्त, 'जीआई कैंसर की रोकथाम के लिए आहार, योग, व्यायाम और आध्यात्मिकता पर एक समग्र भारतीय दृष्टिकोण' विषय पर एक सार्वजनिक मंच आयोजित किया जाएगा। मंच में आध्यात्मिकता, चिकित्सा, योग, आहार विज्ञान और शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों का एक विविध पैनल शामिल होगा। साथ में, वे कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली हस्तक्षेप की भूमिका का पता लगाएंगे, आधुनिक चिकित्सा दृष्टिकोणों के साथ पारंपरिक प्रथाओं के एकीकरण पर प्रकाश डालेंगे। सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष, प्रो. राकेश कपूर और आयोजन सचिव, डॉ. दिव्या खोसला ने साझा किया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और जठरांत्र कैंसर की रोकथाम और प्रारंभिक पहचान को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। उन्होंने जीआई कैंसर की देखभाल में सहयोग को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने और जीआई कैंसर रोगियों के लिए बेहतर परिणामों और बेहतर उत्तरजीविता दरों की खोज में प्रगति को आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया।

## शराब का ठेका लूटने आए चार हथियारों सहित गिरफ्तार

- लुटेरों से मुकाबला करने के दौरान गोली लगने से अहाता मालिक घायल

सिटी दर्पण

मोहाली



ढकोली इलाके में शराब का ठेका लूटने के मामले में मोहाली पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निवंत राणा निवासी पंचकुला, मनवीर निवासी पंचकुला, विवल कुमार उर्फ करंदी निवासी पंचकुला और पंकज उर्फ निखल निवासी पंचकुला के रूप में हुई है। इस संबंध में आयोजित एक प्रैसवार्ता के दौरान दौरान एसएसपी मोहाली दीपक पारीक ने कहा कि इन चारों आरोपियों को सीआइए स्टाफ और संबंधित पुलिस स्टेशन के प्रमुख ने गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से 2 तमंचे (315 बोर सहित 1 जिंदा कारतूस व 2 खोखे), 2 कमानीदार चाकू और घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में स्वीकार किया है कि उन्होंने घटनाओं को अंजाम देने के लिए कुछ दिन पहले यूपी से अवैध हथियार मंगवाए थे। इस मामले में गिरफ्तार नियंत राणा के खिलाफ पहले ही जालस-ाजी का मामला दर्ज किया जा चुका है और एक अन्य आरोपी मनवीर पर भी शराब की अवैध बिक्री का मामला चल रहा है। इसी तरह आरोपी विवल कुमार के खिलाफ भी मारपीट का मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि इस मामले में गांव टपरियांनिवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह ममता एन्क्लेव ढकोली में शराब की ठेकेदारी में काम करता है। 1 नवंबर की रात करीब 11 बजे वह ठेके पर खड़ा था, तभी रात में तीन लोग मुंह बांधे हुए उसके पास आए। उन तीनों लोगों ने उसकी गर्दन पकड़ ली और उसकी पीठ पर पिस्तौल रखकर उसे धमकाया। उसने अपने बचाव में पिस्तौल वाले व्यक्ति पर तमाचा मारा और दोनों गिर पड़े। इसी बीच बाहर खड़े व्यक्ति ने गोली चला दी, जो दीवार में लगी। गोलियों की आवाज सुन कर बेसमेंट में अहाते का मालिक दीपक संधू बाहर आया तो उक्त लुटेरों ने उन लोगों को जान से मारने की नियत से एक और गोली चलाई, जो दीपक संधू के सीने में लगी। इस बीच लुटेरे मौके से भाग निकले और घायल दीपक संधू को अस्पताल लाया गया। इस मामले में पुलिस ने धारा 309 (4), 309 (6), 311, 109 (1), 332 (बी), 115 (2), 3 (5) बीएनएस और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

## अपने परिवारों और समुदायों की सेहत में सुधार लाने के लिए न्यूट्री गार्डन को अपनाएं: डॉ. श्रीदेवी

पंचकूला। कृषि विज्ञान केंद्र, चैधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने इफको और महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा के सहयोग से बेहलो गांव में न्यूट्री गार्डन के आर्थिक और पोषणात्मक महत्व पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 55 किसानों और महिलाओं ने भाग लिया और उन्नत कृषि प्रणाली सहित मानव स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों के महत्व पर जानकारी प्राप्त की। कृषि विज्ञान केंद्र पंचकूला की समन्वयक डॉ श्रीदेवी तल्लप्रगड़ के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. गुरनाम सिंह, ने की, जिन्होंने सभी अतिथियों और उपस्थित किसानों का स्वागत किया। डॉ. गुरनाम ने किसानों से अपील की कि वे न्यूट्री गार्डन को अपनाकर अपने परिवारों और समुदायों की सेहत में सुधार ला सकते हैं। डॉ. बहादुर सिंह गोदारा, डिप्टी मैनेजर, मार्केटिंग, इफको, हरियाणा चंडीगढ़ ने मिट्टी की सेहत के लिए जरूरी पोषक तत्वों के बारे में बताया।

## 10वीं सरदार भगवंत सिंह मेमोरियल बास्केटबॉल प्रतियोगिता हुई शुरू

सिटी दर्पण

चंडीगढ़



10वीं सरदार भगवंत सिंह मेमोरियल बास्केटबॉल ट्रॉफी की शुरूआत बुधवार को मोहाली के सेक्टर 78 स्थित गामाडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इनडोर बास्केटबॉल कोर्ट में हुई। इस टूर्नामेंट में ट्राइसिटी के 70 स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता 6 से 13 नवंबर 2024 तक आयोजित होगी।

पारंपरिक दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना और राष्ट्रगान के साथ टूर्नामेंट का आगाज हुआ। मुख्य अतिथियों में विक्रमजीत सिंह मामिक, प्रशासक, विवेक हाई स्कूल, मोहाली; डॉ. अमर ज्योति चावला, प्राचार्य, विवेक हाई स्कूल, मोहाली; खेल विभाग प्रमुख विशाल शर्मा; स्कूल की सांस्कृतिक समन्वयक जयता चोपड़ा; और जूनियर विंग की प्रमुख सुश्री मीनाक्षी मदान ने युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यह इंटर स्कूल टूर्नामेंट विवेक हाई स्कूल, मोहाली द्वारा आयोजित किया गया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल, मोहाली और केवी ग्राउंड स्कूल, चंडीगढ़ के बीच अंडर-17 बॉयज वर्ग में हुआ। केवी ग्राउंड स्कूल ने 48-16 के स्कोर से शानदार जीत हासिल की, जिसमें स्वारित 14 अंकों के साथ शीर्ष स्कोरर बने। अंडर-17 गर्ल्स वर्ग में वाईपीएस मोहाली ने साउपिन्स स्कूल, चंडीगढ़ को 31-15 से हराया। वाईपीएस की निमर और साउपिन्स की जसमीरा दोनों ने 10-10 अंक बनाए, लेकिन जीत वाईपीएस के नाम रही। अंडर-14 बॉयज वर्ग में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, मोहाली ने शिवालिक पब्लिक स्कूल, मोहाली को 27-4 के स्कोर से हराया।

## संक्षिप्त-समाचार

### मोनिका गुप्ता ने उपायुक्त पंचकूला का पदभार किया ग्रहण



पंचकूला। मोनिका गुप्ता 2014 बैच की भारतीय प्रशासनिक अधिकारी ने आज उपायुक्त पंचकूला व माता देवी श्राईन बोर्ड की मुख्य प्रशासक का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। मोनिका गुप्ता महेंद्रगढ के उपायुक्त पद से ट्रांसफर होकर आई हैं। उद्योग एवम वाणिज्य विभाग के विशेष सचिव एवम निदेशक डॉ यश गर्ग, पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम पंचकूला गौरव चौहान, एसडीएम कालका राजेश पूनिया, जिला परिषद के सीईओ गगनदीप सिंह, जिला विकास एवम पंचायत अधिकारी राजन सिंगला, नगराधीश विश्वनाथ, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर मौजूद थे।

### एमसी कार्यालयों में आई 6 शिकायतों में से चार का मौके पर हुआ निपटान

पंचकूला। उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में आज सेक्टर-4 स्थित नगर निगम पंचकूला के कार्यालय व नगर परिषद कालका में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में शहरवासियों द्वारा छह समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी गई, इनमें से मौके पर ही चार समस्याओं का समाधान किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम कमीश्नर अपराजिता ने बताया कि शिविर में 5 शिकायतें प्राप्त हुई। प्रॉपर्टी आईडी से सम्बन्धित तीन शिकायों का मौके पर ही निपटान कर दिया गया। नाडा साहित निवासी शिव कुमार ने प्रॉपर्टी आईडी की लॉकेशन ठीक करने की अपील की। सेक्टर-25 निवासी सुधीर ने प्रॉपर्टी आईडी में मोबाइल नंबर जोड़ने की गुहार लगाई। बिल्ला गांव निवासी गुलजार ने प्रॉपर्टी आईडी का खसरा नंबर ठीक करवाने की शिकायत दी। सेक्टर-16 निवासी कुलवंत सिंह ने नई प्रॉपर्टी आईडी को तैयार करवाने की आवेदन किया है। इसके अलावा कालका नगर परिषद में भी एक व्यक्ति ने प्रॉपर्टी आईडी को ठीक करवाने की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-4 स्थित नगर निगम के कार्यालय व नगर परिषद कालका परिसर में प्रत्येक कार्यदिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन कर शहर के लोगों की समस्याओं व शिकायतों को सुना जाएगा। शिविर में आने वाली शिकायतों के समाधान को जल्द से जल्द निपटान किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वो सुबह 9 से 11 बजे के बीच नगर निगम से सम्बन्धित शिकायतों और समस्याओं को रख सकते हैं।

### हरियाणा महिला विकास निगम ने चलाई महिलाओं के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना

पंचकूला। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा व्यक्तिगत ऋण योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए 60 केसों ( 20 अन्य श्रेणी व 40 अनुसूचित जाति) का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए या इससे कम हो और उसके परिवार का कोई सदस्य आयकर दाता न हो, वो इस योजना के अन्तर्गत 1.50 लाख रुपए का आवेदन कर सकती है। इस पर निगम द्वारा 25 प्रतिशत (अधिकतम 10,000 रुपए अन्य श्रेणी व 25,000 रुपए अनुसूचित जाति) अनुदान राशि दी जाती है। 10 प्रतिशत लाभार्थी को स्वयं वहन करना पड़ता है। शेष राशि की व्यवस्था राष्ट्रीयकृत/ सहकारी बैकों से करवाई जाती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्रियाकलापों के लिए जैसे की सिलाई, कढ़ाई, करियाना, मनियारी, रेडिमेट गारमैन्टस, कपड़े की दुकान, स्टेशनरी, बुटीक व जनरल स्टोर इत्यादि ऋण शहरी/ग्रामीण पात्रों के लिए उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतू निगम के जिला प्रबन्धक, हरियाणा महिला विकास निगम, कमरा न0 52, तीसरी मंजिल, नई बिल्डिंग, मिनी सचिवालय सेक्टर-1 पंचकूला, फोन न0 0172-2585271 पर संपर्क कर सकते हैं।

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार



मोहाली। विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में बलौंगी पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान नवीन निवासी गांव किनाला जिला हिसार हरियाणा के रूप में हुई है। इस संबंध में डीएसपी खरड़ करण सिंह संधू ने बताया कि पुलिस को खनौरी निवासी सचिन सिंह से शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति लोगों को गुमराह कर भेजने के नाम पर ठगी कर रहा है। सचिन ने पुलिस को बताया था कि उसने अपने भाई को कनाडा भेजने के लिए नवीन को 10 लाख रुपये और भाई का पासपोर्ट दिया था। नवीन ने उससे कहा था कि वह उसके भाई जल्द ही कनाडा भेज देगा। उन्होंने बताया कि लोगों से धोखाधड़ी के चार मामलों की जांच के बाद पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी नवीन कुमार को गिरफ्तार किया और उसके पास से 20 लाख रुपये नकद और दो पासपोर्ट बरामद किये गये। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वर्ष 2005 के आईएएस अधिकारी दिप्रवा लकड़ा बने चंडीगढ़ के वित्त सचिव

चंडीगढ़। वर्ष 2005 के आईएएस अधिकारी दिप्रवा लकड़ा ने बुधवार को चंडीगढ़ के वित्त सचिव का कार्यभार संभाल लिया है। प्रशासक के निर्देश पर उनके सलाहकार राजीव वर्मा ने विभागों का वितरण कर दिया है। जिसके मुताबिक दिप्रवा लकड़ा को वित्त सचिव के साथ सेक्रेटरी इस्टेट, सेक्रेटरी ट्रेजरी एंड अकाउंटस/ लोकल फंड ऑडिट, सेकेटरी प्लानिंग, सेक्रेटरी स्टेटिस्टीक, सेक्रेटरी ट्रांसपोर्ट, सेक्रेटरी लेबर एवं इम्पलॉयमेंट, सेक्रेटरी हाउसिंग और चीफ एडमिनिस्ट्रेटर का पदभार भी सौंपा गया है। इसके अलावा आईएएस हरगुनजीत कौर की सेवाओं में विस्तार कर दिया गया है। हरगुनजीत कौर पहले की तरह सेक्रेटरी इंडस्ट्रीज, स्पेशल सेक्रेटरी फाइनेंस, स्पेशल सेक्रेटरी इंजीनियरिंग, डायरेक्टर ट्रेजरी और अकाउंटस, डायरेक्टर प्लानिंग एवं स्टेटिस्टिक पदों पर रहेंगी।

## हाईवे पर चार वाहनों के टकराने से बनी जाम की स्थिति

सिटी दर्पण

लालडू



अंबाला चंडीगढ़ हाईवे पर स्थित झरमल नदी पुल के पास बस सहित चार वाहनों की टक्कर हो गई। हादसे के समय बस मे सवारियों सहित अन्य दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सवार सभी बाल बाल बच गये जबकि बलेरो गाडी बहुत ही क्षतिग्रस्त हुई है। बलेरो के ड्राइवर को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई जिस दौरान वाहनों की लंबी-लंबी करें लग गई। मौके से प्राप्त जानकारी अनुसार क्षतिग्रस्त बलेरो गाड़ी में सवार रिकी ने बताया कि वे जीरकपुर से अपने पांच साथियों सहित अंबाला की ओर जा रहे थे जैसे ही वे दप्पर टोल प्लाजा से आगे की ओर करीब सात बजे बड़े तो आगे जाम की स्थिति बनी हुई थी। उसी समय पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज बस चालक ने उनकी गाड़ी को पिछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते उनकी बलेरो गाड़ी आगे जा रहे कैंटर से जा टकराई। टक्कर लगने से उनकी गाड़ी आगे और पिछे दोनों ओर से बुरी क्षतिग्रस्त हो गई और वे सभी बाल बच गये। जबकि बलेरो चला रहे उनके साथी विनोद को मामूली चोट लगी हैं। कैंटर के आगे जा रही एक अन्य कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। जबकि बस के परिचालक प्रदीप ने बताया कि वे चंडीगढ़ से करनाल की ओर जा रहे थे बस में सवारियां सवार थी। उन्होंने बताया कि हाईवे पर जाम की स्थिति बनी हुई थी अगली गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगाने पर सभी वाहन आपस मे भिडते चले गये। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटनाग्रस्त बस व अन्य वाहन हाईवे खडे होने के कारण वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग जाने से जाम की स्थिति बन गई। राहगीरों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पडा। हादसे के करीब आधे घंटे बाद पहुची पुलिस ने वाहनों को एक ओर करवाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सॉफ्टवेर एप्प संचालित स्मार्ट बाइक सिस्टम है 'साइकिलवन बाइसिकल शेयरिंग सिस्टम'

# एनएचपीसी ने 'संत लोंगोवल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालजी में 'साइकिलवन बाईसीकल शेयरिंग सिस्टम' के पहले स्टैंड का उद्घाटन किया

- छात्र/छात्राएं आसानी से क्लासरूम, हॉस्टल तथा अन्य सुविधाओं तक समय की बचत करते हुए आ जा सकेंगे

सिटी दर्पण

चंडीगढ़



एनएचपीसी लिमिटेड(एक नवरत्न कंपनी) द्वारा सीएसआर (कॉपोरेट सोश्ल रेस्पॉन्सिबिलिटी) के अंतर्गत पंजाब के 'संत लोंगोवल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीन्यरिंग & टेक्नालजी संगरूर, पंजाब' को प्रदान किए गए 'साइकिलवन बाईसीकल शेयरिंग सिस्टम के पहले स्टैंड का उद्घाटन नवंम्बर को किया गया। यह उद्घाटन एनएचपीसी लिमिटेड के स्वतंत्र निदेशक डॉ. अमित कंसल द्वारा किया गया। इस समारोह के दौरान एनएचपीसी लिमिटेड एवं 'संत लोंगोवल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीन्यरिंग & टेक्नालजी संगरूर, पंजाब' के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

यह साइकिलवन बाइसिकल शेयरिंग सिस्टमस एक सॉफ्टवेर एप्प संचालित स्मार्ट बाइक सिस्टम है जो कि मोबाइल एप्प के द्वारा कार्य करता है। यह परिवहन का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करता है जिससे छात्र/छात्राएँ आसानी से SLIET के विशाल परिसर में क्लासरूम, हॉस्टल तथ अन्य सुविधाओं तक समय की बचत करते हुए आ जा सकते हैं।

यह छात्र/छात्राओं की शारीरिक गतिविधि एवं एक स्वस्थ जीवन शैली को भी बढ़ावा देगा। इसके अलावा यह साइकिलें पर्यावरण के अनुकूल परिवहन का तरीका हैं, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करती हैं और परिसर के वातावरण में स्थिरता को बढ़ावा देती हैं। अतः इस सुविधाजनक और पर्यावरण अनुकूल साधन से SLIET कैंपस को और अधिक सकारात्मक और आनंददायक बनाया जा सकेगा। इस सौहार्दपूर्ण एवं जनकल्याण हेतु किये गए कार्य के लिए 'संत लोंगोवल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीन्यरिंग & टेक्नालजी संगरूर, पंजाब' के निदेशक द्वारा एनएचपीसी लिमिटेड की सराहना की गयी एवं आभार व्यक्त किया।